


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



राम चरण के जन्मदिन पर उनकी 16वीं ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 30 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 98 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कोल ब्लॉक के सातवें दौर की नीलामी की हुई शुरूआत

### राजनाथ बोलेः वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित कर रहा भारत

नई दिल्ली। वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक के सातवों दौर की नीलामी की शुरूआत आज दिल्ली में हुई। इसकी शुरूआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि जैसे–जैसे हम विकास कर रहे हैं ऊर्जा की खपत भी बढ़ रही है। इसके लिए हमें अभी से प्रयास करना होगा। ये आवंटन उसी के लिए सरकार का एक कदम है। उन्होंने कहा कि कोयले के बल पर अपना विकास कर चुके देश अब कोयले पर बैन की बात कर रहे हैं। यानी अपने विकास के बाद जब दूसरे के विकास की बात आई तो पर्यावरण को लेकर उनके द्वारा चिंता दिखाई जा रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत ने विकास और पर्यावरण संतुलन पर हमेशा बराबर ध्यान दिया है और आगे भी पूरा ध्यान रखेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद, देशों ने सीखा कि कोई भी देश कितना भी बड़ा और विकसित क्यों न हो, अगर वह अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर नहीं है, तो उसे विकास में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारत इथेनॉल, जैव ईंधन और संपीड़ित बायोगैस जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित कर रहा है।



राजनाथ ने कहा कि देश इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइड्रोजन के उपयोग के माध्यम से डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह आवश्यक है कि हम राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में दूरगामी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अब तक हुआ कोल ब्लॉक्स का आवंटन, और आगे होने वाले आवंटनों के लिए चल रहा प्रक्रिया, इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए गया महत्त्वपूर्ण कदम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण में हो रहा बदलाव एक वास्तविकता है, और इसे किसी भी दृष्टि से नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। इसमें कोई शक नहीं है कि कोयला, एक प्रदूषणकारी ईंधन है, और मानव द्वारा लगातार इसका विकल्प खोजा जा रहा है॰ हमारा प्रयास भी इस ओर जारी है। उन्होंने कहा कि अनेक देश ऐसे हैं जो भारत जैसे देशों को नसीहत देते हैं, कि कोयले के प्रयोग से पर्यावरण की सुरक्षा पर खतरा मँडराने लगा हैय इसलिए बाकी देश कोयले के प्रयोग से बचें। इस चिंता को मैं चिंता नहीं, बल्कि जलवायु पाखंड के रूप में देखता हूँ। मैं अपने देश के संदर्भ में बात करूँ, तो हमारे यहाँ प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन शुरू से ही इन देशों की अपेक्षा काफी कम रहा है। यानी अपनी प्रगति की राह में भारत उन देशों में से एक रहा है, जिसने अपने विकास और पर्यावरण संतुलन पर बराबर ध्यान दिया है।

## आप के राष्ट्रीय दर्जे के मामले पर गौर कर रहे हैं: निर्वाचन आयोग



नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय दर्जा देने के मामले पर विचार कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने इस मामले में सवाल किए जाने पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इसकी समीक्षा की जा रही है... हम इस मामले पर जल्द ही आपको जवाब देंगे।'' दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के पिछले साल के चुनावी प्रदर्शन ने निर्वाचन आयोग द्वारा उसे राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दिए जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के अनुसार, राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए राजनीतिक संगठन को चार राज्यों में राज्य की पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त होनी चाहिए और संबंधित विधानसभाओं में उसके कम से कम दो सदस्य होने चाहिए। राज्य की पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त करने के योग्य बनने के लिए किसी राजनीतिक दल को दो सीट जीतनी होती हैं और राज्य में न्यूनतम छह प्रतिशत मत हासिल करने होते हैं। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए अन्य मापदंड भी हैं। 'आप' को राज्य की पार्टी के रूप में दिल्ली, पंजाब, गोवा और गुजरात में मान्यता प्राप्त है। 'आप' ने पंजाब की 117 विधानसभा सीट में से 92 सीट पर कब्जा कर पिछले साल राज्य विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज हासिल की थी। उसे पंजाब में पहले से ही राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त था। पार्टी ने गोवा में दो सीट जीतीं और 6.77 प्रतिशत मत हासिल किए। इससे 'आप' ने गोवा में भी राज्य की पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त की। 'आप' की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को उस समय पंख लग गए, जब उसने 2022 के अंत में गुजरात विधानसभा चुनाव में पांच सीट जीतीं और कुल 13 प्रतिशत मत हासिल किए, जो 'आप' को राज्य की पार्टी के रूप में मान्यता देने के लिए पर्याप्त है।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन का काम करती है सही जानकारी

### द्रौपदी मुर्मू बोलीं: फेक न्यूज बड़ी चुनौती



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के दौर में सूचनाओं के व्यापक और त्वरित प्रसार के साथ तेजी से फैलने वाली फेक न्यूज की चुनौती भी सामने आई है। आईआईएस अधिकारियों को फेक न्यूज से निपटने की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने अधिकारियों से तकनीक का उपयोग करने और फेक नैरेटिव बनाने के लिए मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री अपूर्व चंद्रा, संयुक्त सचिव श्री संजीव शंकर, भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक श्री आशीष गोयल एवं भारतीय सूचना सेवा की पाठ्यक्रम निदेशक श्रीमती नवनीत कौर सहित वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021 और 2022 बैच के अधिकारी और प्रशिक्षु अधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और इसके कामकाज के बारे में नागरिकों को जागरूक बनाने में कम्युनिकेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रभावी संचार के माध्यम से और सही जानकारी के साथ, आईआईएस अधिकारी नागरिकों को देश की प्रगति में भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि को निखारने में आईआईएस अधिकारियों की अहम भूमिका है।

## गांधी–नेहरू परिवार के गुलाम नेता राहुल गांधी जबरदस्ती राष्ट्रीय नेता बनाने पर तुले हैं, शिवराज का बड़ा बयान



नई दिल्ली। राहुल गांधी के लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर राजनीति जबरदस्त तरीके से जारी है। कांग्रेस लगातार केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर हमला कर रही है। वहीं, भाजपा की ओर से भी पलटवार किया जा रहा है। मोदी सर ने मामले में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने दोषी पाया। इसके बाद राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई गई। 2 साल की सजा होने के वजह से राहुल गांधी के लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। अब कांग्रेस को लेकर लगातार भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा की सरकार देश के लोकतंत्र को खत्म कर रही है। इन सब के बीच भाजपा की ओर से लगातार पलटवार भी किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा बयान देते हुए साफ तौर पर कहा कि गांधी नेहरू परिवार के गुलाम नेता राहुल गांधी को जबरदस्ती राष्ट्रीय नेता बनाने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांधी–नेहरू परिवार के गुलाम नेता उनको(राहुल गांधी) जबरदस्ती राष्ट्रीय नेता बनाने पर तुले हुए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये वास्तविकता है कि राहुल गांधी, गांधी–नेहरु परिवार के सबसे असफल, कमजोर, गैर–जिम्मेदार, लापरवाह और अहंकारी नेता हैं। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबे हुए राहुल गांधी अलग–अलग वर्गों का अपमान करते हैं। शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी जानते हैं कि पिछड़ा वर्ग उन्हें चुनौती नहीं दे सकता तो कुछ भी बोल दो। उन्होंने कहा कि अहंकार में आकर उन्होंने पिछड़ो की पुरी जाति को चोर बता दिया और कहते हैं कि वो माफी नहीं मागेंगे। दरअसल, शिवराज भोपाल में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की आत्मा एमएसएमई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।

## फिर से बहाल हुई लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यत

राकांपा नेता मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता बुधवार को संसद के निचले सदन ने बहाल कर दी। मोहम्मद फैजल को इस साल जनवरी में 10 साल की जेल की सजा के साथ एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सदन से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। फैजल लक्षद्वीप का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ केरल उच्च न्यायालय का रुख किया था और अपनी दोषसिद्धि और सजा का निलंबन प्राप्त किया था। लोकसभा सचिवालय अधिसूचना ने कहा कि केरल उच्च न्यायालय के दिनांक 25 जनवरी 2023 के आदेश के मद्देनजर मोहम्मद फैजल की अयोग्यता को राजपत्र अधिसूचना सं. 21ध4(1)ध2023धटीओ(बी) दिनांक 13 जनवरी, 2023 भारत के संविधान के अनुच्छेद 102(1)(ई) के प्रावधानों के अनुसार जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 के साथ पठित, 1951, आगे की न्यायिक घोषणाओं के अधीन काम करना बंद कर दिया है। फैजल की सदस्यता की बहाली इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से पहले हुई है। फैजल ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लोकसभा से अपनी अयोग्यता को रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि केरल हाईकोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी है। राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि अयोग्यता को तुरंत रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि केरल उच्च न्यायालय ने 25 जनवरी को उनकी सजा और सजा को स्थगित करने का आदेश पारित किया था, हालांकि यह एक स्वागत योग्य कदम है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी के लिए भी राह खुल सकती है।

## अयोध्या में राम मंदिर का मुख्य द्वार महाराष्ट्र से भेजी गई लकड़ी से होगा निर्मित, खास है इसके पीछे की वजह



अयोध्या में बन रहे प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर को देखने के लिए देश और दुनिया भर के भक्त बेहद उत्साहित है। अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर के निर्माण में देश और दुनिया से विशेष सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। एक तरफ जहां नेपाल से आई शालिग्राम शिला से मंदिर में मूर्ति का निर्माण होगा। वहीं मंदिर की दीवारों और दरवारों पर भी खास काम किया जाएगा। इसी बीच सामने आया है कि मंदिर के प्रवेश द्वार का निर्माण सागवान की लकड़ी से होगा। इस प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए महाराष्ट्र के चंद्रपुर से उच्चतम कोटि की सागवान की लकड़ी अयोध्या भेजी जाएगी। इस लकड़ी को अयोध्या के लिए रवाना करने से पहले चंद्रपुर में शानदार रैली का आयोजन होगा। रैली में ही लकड़ी की विधि विधान से पूजा की जाएगी, जिसके बाद लकड़ी की पहली खेप 1855 क्यूबिक फीट को ट्रकों में लाद कर अयोध्या के लिए रवाना किया जाएगा।

### पौराणिक वन की लकड़ी का उपयोग

*अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए जिस जंगल से सागवान की लकड़ी लाई जा रही है वो बेहद ही शुभ है। दरअसल प्रभु श्रीराम अपने वनवास के दौरान दंडकारण्य जंगल में आए थे। वनवास का काफी समय उन्होंने इस जंगल में व्यतीत किया। वर्तमान में चंद्रपुर और आसपास के इलाके को ही दंडकारण्य जंगल कहा जाता था। बता दें कि भगवान श्रीराम के पिता राजा दशरथ का ननिहाल भी चंद्रपुर का माना जाता है। रामायण से कई रूपों में जुड़े होने के कारण सागवान की लकड़ी उपलब्ध कराने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को पत्र लिखा था। गौरतलब है कि चंद्रपुर के सागवान की लकड़ी देश की सबसे बढ़िया गुणवत्ता वाली लकड़ी है। इसकी जानकारी राम मंदिर ट्रस्ट ने मांगी थी, जिसके जवाब में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस लकड़ी की जानकारी दी थी।*

## दिग्विजय ने राहुल को ऑफर किया अपना बंगला, बोले– मेरा घर आपका है

नई दिल्ली। लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भी दिया जा चुका है। उन्हें 22 अप्रैल तक सरकारी बंगला खाली करना होगा। इसके बाद से सबसे बड़ा सवाल यही है कि राहुल गांधी कहां रहेंगे। कांग्रेस के कई नेता लगातार अपना बंगला राहुल गांधी को ऑफर कर रहे हैं। इसी कड़ी में दिग्विजय सिंह ने भी राहुल को अपना बंगला ऑफर दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी उनके बंगले में रह सकते हैं। दिग्विजय ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी जी, आप जैसे उदार हृदय वाले लोगों के लिए तो पूरा देश ही परिवार है और वसुधैवकुटुम्बकम् की यही भावना हमारे देश का मूल चरित्र है। कांग्रेस नेता ने अपने ट्वीट में आगे लिखा कि राहुल जी, मेरा घर आपका घर है। मैं अपने घर में आपका स्वागत करता हूं और अपना सौभाग्य मानूंगा यदि आप मेरे घर में आकर रहेंगे। राहुल गांधी 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी बंगला में अब तक रहते थे। वहीं, कांग्रेस नेता सुप्रीया श्रीनेत ने कहा कि नेहरू जी ने अपनी 96: दौलत दान कर दी। इंदिरा जी ने जंग के समय अपने जेवर दान कर दिए। जिस परिवार ने आनंद भवन और स्वराज भवन इस देश को दे दिया।






## चुनावी तारीखों के ऐलान पर बोले कर्नाटक सीएम, बीजेपी एवररेडी पार्टी, भारी बहुमत से सत्ता में वापसी करेंगे



कर्नाटक में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा चुका है। इसके साथ ही वहां आचार संहिता लागू हो गया है। इन सब के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री औप भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने दावा किया है कि हमारी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है और हम सत्ता में मजबूती से वापसी करेंगे। उन्होंने अपने बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को नतीजे आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा एवररेडी पार्टी है और हम चुनाव के लिए तैयार हैं। बीजेपी भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम पहले ही अपने सभी विकास कार्यों के साथ लोगों के पास जा चुके हैं। बोम्मई ने कहा कि भाजपा का कोई नेता कांग्रेस में शामिल नहीं होने जा रहा है, वास्तव में कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष हमारे विधायकों के सामने अपनी पार्टी में शामिल होने की गुहार लगा रहे हैं। दरअसल, कर्नाटक में नेताओं का दलबदल भी जारी है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष और कर्नाटक से ही आने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक चुनाव जीतेगी और राज्य में सरकार बनाएगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यही वजह है कि मोदी सरकार के सभी शीर्ष मंत्री राज्य का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता राज्य का दौरा करेंगे। आपको बता दें कि कर्नाटक में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, ''चुनाव आयोग ने दुर्गा अष्टमी के पवित्र दिन कर्नाटक विधानसभा चुनाव की घोषणा की है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस यह संकल्प लेती है कि वह 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार और सरेआम लूट से राज्य को मुक्ति दिलाएगी।'' उन्होंने कहा, ''चलिए, 'ब्रैंड कर्नाटक' का पुनरूनिर्माण करते हैं। चलिए, कांग्रेस की गारंटी को लागू करते हैं। चलिए, कर्नाटक को विजयी बनाते हैं।'' सुरजेवाला ने कहा, ''हम कर्नाटक के लोगों के आशीर्वाद से सरकार बनाएंगे। हम एक ऐसी सरकार देंगे जो जवाबदेह होगी और कर्नाटक को सभी राज्यों में सबसे आगे ले जाएगी।''

# दहेज में कार न मिलने से नाराज ससुराल पक्ष ने नवविवाहिता को मायके छोड़ा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

खोड़ारे गोण्डा। दहेज में कार न मिलने से नाराज ससुराली नवविवाहिता को बाइक पर बैठा कर मायके छोड़ दिए,बोले के वापस लौटी तो जिंदा जला दूंगा। आप बीती सुनाते हुए पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने खोड़ारे पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। मामले में खोड़ारे पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। खोड़ारे पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक खोड़ारे थाना क्षेत्र गौराबुजुर्ग गांव निवासिनी प्रीती देवी पुत्री विजय कुमार सोनी ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 के 8 मई को बलरामपुर जनपद के हरैया थाना क्षेत्र के विनोहनीकला गांव निवासी दीपक सोनी पुत्र बाबूराम सोनी उसका विवाह हुआ था। विवाह में पिता ने हैसियत के मुताबिक दहेज में भेंट स्वरूप मोटरसाइकिल हीरो ग्लैमर वाशिंग मशीन फ्रिज आलमारी, कूलर, 50 ग्राम सोना (गॅले का हार व कान का झाला व एक अंगूठी) 250 ग्राम चांदी (पायल व विछिया) व रु तीन लाख नगद आदि दहेज में दिया था । विवाह के पश्चात पीड़िता विदा होकर विपक्षीगण के घर गयी, लेकिन पहले ही दिन से विपक्षीगण दान दहेज से सन्तुष्ट नहीं थे, दहेज के रूप में दो लाख रूपया नगद तथा चार पहिया वाहन की मांग करने लगे पीड़िता ने विपक्षीगण से कहा कि आप लोगों को उपरोक्त दहेज चाहिये था तो विवाह से पहले कहना था फिलहाल मेरे मायकेवालों की इतनी औकात नहीं है। विपक्षीगण लालची किस्म के व्यक्ति है किसी तरह पीड़िता विपक्षियों के किये जुल्म ज्यादती को सहती रही।एक बच्ची भी हुए। इसके बाद वर्ष 2023 के 12 फरवरी को पुनः कार व दो लाख रुपए नगद की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारा पीटा। घर वालों ने कहा कि इसे इसी समय घर से निकाल दो विपक्षीगण पीड़िता के पहने हुए कपड़ों में मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बैठाकर पीड़िता के मायके गौरा चौकी चौराहा पर मन्दिर के पास सायं को छोड़कर यह कह कर चला गया कि अब दोबारा मेरे घर पर दिखाई पड़ी तो जिन्दा जला दूँगा । घटना की सूचना देने के लिए पीड़िता ने स्थानीय थाने पर गुहार लगाई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। थकहार कर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खोड़ारे पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर खोड़ारे पुलिस ने पति दीपक सोनी पुत्र बाबूराम सोनी , ससुर बाबूराम सोनी पुत्र अज्ञात सांस पंचायती सोनी और देवर धर्मेन्द्र सोनी के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## शांतिभंग की आशंका को लेकर 03 नफर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

थाना–रूधौली बस्ती। पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी महोदय प्रीती खरवार रूधौली के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महोदय थाना रूधौली संजय कुमार के नेतृत्व में रूधौली पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग की आशंका को लेकर 03 नफर अभियुक्तगण। 01. सुनील सिंह पुत्र सीताराम सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम शंकरपुर थाना शिवनगर जनपद सिद्धार्थनगर। 02. रईस पुत्र केचन उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड संख्या 07 थाना रुधौली जनपद बस्ती। 03. अकबर पुत्र अब्दुल मजीद उम्र करीब 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 07 थाना रुधौली जनपद बस्ती। को अंतर्गत धारा 151ध107ध116 ब्तचब में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण श्री रामप्रकाश यादव थाना रूधौली बस्ती जनपद बस्ती 02. भ्ब् दिग्विजय सिंह,का0 राजू यादव, का0 अंकित राय थाना रूधौली जनपद बस्ती।




## चौत्र रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा एवं फलाहार कार्यक्रम



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। चौत्र रामनवमी के पावन पर्व पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में समाजसेवी तेज प्रताप सिंह के द्वारा गणेशपुर बाजार में फलाहार एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है उक्त जानकारी देते हुए तेज प्रताप सिंह ने बताया कि रामनवमी पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हम सभी के द्वारा किया जा रहा है उसी क्रम में गुरुवार को गणेशपुर कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और फलाहार एवं भंडारे का भी आयोजन किया है जिसमें गणेशपुर की जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वही सिल्पी सिंह ने कहा कि मां जगत जननी के उपासना का समय चल रहा है साथ ही प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव पर गणेशपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।श्री राम प्रभु के उद्गम स्थल होने के कारण बस्ती का विशेष महत्व हमारा कर्तव्य है कि हम प्रभु के जन्मोत्सव को भव्य रूप में मनाए।

## बलरामपुर में ही बनेगा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय:प्रदीप सिंह

### मुख्यमंत्री से जनप्रतिनिधियों के साथ भेंट कर बलरामपुर में ही विश्वविद्यालय स्थापना हेतु किया था निवेदन,मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पर मंगलवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व सदर विधायक पल्टू राम ने कहा कि जनपद बलरामपुर में कुछ लोग अपनी सस्ती लोकप्रियता के लिए जो धरना ज्ञापन आदि देने का नाटक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के विगत दिनों जनपद बलरामपुर में हुए दौरे के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मैने मुख्यमंत्री जी से पत्र के माध्यम से निवेदन किया था कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की स्थापना जनपद बलरामपुर में ही बनवाया जाए,जिस पर मुख्यमंत्री जी ने तत्काल अधिकारियों को जमीन की तलाश हेतु निर्देशित किया गया था। विपक्ष के जो नेता आज यह धरना प्रदर्शन आदि कर रहे हैं, मैं उनसे आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि जब सपा की सरकार थी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2016 में बलरामपुर में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु प्रदर्शन किया जा रहा था,तब यहां बनने वाला विश्विद्यालय सिद्धार्थनगर में कैसे बन गया था। मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया हैं कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर में ही बनेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह,सदर विधायक पल्टूराम,पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ,जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी,जिला महामंत्री वरुण सिंह,जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,भाजपा नेता अजय सिंह पिंकू,जिला महामंत्री भाजयुमो अक्षय शुक्ला आदि उपस्थित रहें।




## नगर की सफाई व्यवस्था व कूड़ा का उठान का औचक निरीक्षण एसडीएम ने किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौलाध्बलरामपुर। नगर की सफाई व्यवस्था व कूड़ो का





उठान का औचक निरीक्षण उपजिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा ने किया। इस दौरान सफाई एवम कूड़ों के निस्तारण का आवश्यक निर्देश सफाई कर्मचारी व सफाई नायक को दिया। बुधवार को उतरौला नगर के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था व कूड़ों के निस्तारण आदि की समस्या का निरीक्षण किया ।एस डी एम ने सफाई नायक व सफाई कर्मियों को नालियों की नियमित सफाई व कचरे का उठान का निर्देश दिया ।एस डी एम ने नगर के सभी दुकानदारों व ठेले वालों ,खोमचे वालों से कहा कि झाड़ू लगने के बाद कूड़ा सड़क पर न फेंके दुकान के सामने डस्टविन रखे ।निरीक्षण के दौरान लेखा लिपिक नीरज गुप्त व सफाई निरीक्षक अमित कुमार मौजूद रहे।

## एक बार फिर नगर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी ने जोर पकड़ ली

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उतरौला/बलरामपुर। उच्च न्यायालय के निकाय चुनाव की




अधिसूचना जारी करने के निर्देश के बाद एक बार फिर नगर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी ने जोर पकड़ ली है। हांलाकि इस बार पिछड़ी जाति की आबादी के लिए कराए गए सर्वे व गठित आयोग की रिपोर्ट को लेकर लोगों में जिज्ञासा भी बनी हुई है। कराए गए सर्वे के अनुसार इस बार नगरपालिका अध्यक्ष पद की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होने के कयास भी लगाए जा रहे हैं। उधर आयोग की रिपोर्ट के बाद अनेक वार्डों में सभासद के पदों के लिए भी आरक्षण बदलना तय माना जा रहा है। नगर के कुल 25 वार्डों में एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होनी है जबकि 12 सीटें पिछड़ा वर्ग के पुरुष–महिलाओं के लिए सुरक्षित रखी जाएगी। शेष बची बारह सीटें अनारक्षित होंगी जिनमे छह महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएगी। निकाय चुनाव में अपनी जोर आजमाइश में जुटे संभावित उम्मीदवार बेसब्री से नोटीफिकेशन जारी होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# जिला पंचायत सभागार गोंडा में जिला पंचायत सदस्यों की हुई बैठक





दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। जिला पंचायत सभागार में प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की हुई बैठक। प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र देकर विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत। पंडरी कृपाल ब्लॉक के जिला पंचायत क्षेत्र पंडरी कृपाल प्रथम से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्रेयस्कर देव उर्फ गौरव सिंह ने बताया कि सोमवार को जिला पंचायत सभागार गोंडा में प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र पड़री कृपाल प्रथम क्षेत्र में कुछ ऐसे रोड हैं जो बनवाने के लिए मांग किया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बेलावाँ से मनवर नदी होते हुए दुर्जनपुर तक रोड बनवाने के लिए प्रभारी मंत्री से मांग किया गया है ।और क्षेत्र में किसानों के सुविधा के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें किसानों को खेती की सिंचाई के लिए सरकार द्वारा निशुल्क में बोरिंग दिया जा रहा है। उसमें अनिमियता हो रही है। किसानों को जो निशुल्क बोरिंग मिलना है उसमें पैसा लेकर और शासन प्रशासन द्वारा जो इंजन दिया गया है उसमे अनुदान राशि से ज्यादा पैसा जमा कराया जा रहा है। जिसके लिए प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि उस बैठक में आए हुए अन्य ब्लॉक से जिला पंचायत सदस्य के लिए भी मंत्री जी से अवगत कराया गया। कि जो भी विकासखंड परियोजना आती है उसमें उनकी भी भागीदारी होती है। उनका भी विकासखंड पर प्रस्ताव लिया जाए उनकी प्रस्ताव शामिल किया जाए। वहां पर बैठे हुए सभी जिला पंचायत सदस्यों से बताया गया कि अपने अधिकार को समझें। प्रभारी मंत्री से भी कहा गया कि विधायक के बाद सबसे बडा चुनाव जिला पंचायत सदस्य का होता है। जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जनता द्वारा चुना हुआ जनता का प्रतिनिधित्व है। इसलिए हर विकासखंड के जिला पंचायत सदस्यों के लिए जो भी सरकार द्वारा योजना दी जाती है उसके लिए मंत्री जी से बात कही। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की मांगे पूरी की जाएगी।

## कायस्थ एकता सेवा समिति द्वारा पाटन मेले में फलाहर कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। देवीपाटन के चल रहें एक माह के मेले





में कायस्थ एकता सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के अष्टमी के दिन फलाहार वितरण का आयोजन किया गया हजारों लोगों ने प्रासाद ग्रहण किया इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव उपाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव संगठन मंत्री महेश चंद्र श्रीवास्तव प्रदेश मंत्री अभय श्रीवास्तव सुधीर श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव लक्ष्मण लाल श्रीवास्तव ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 1 अप्रैल



से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी नियंत्रण अभियान एवं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक डीएम डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने कहा की संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका एवं ग्राम पंचायतों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए। नालियों की साफ सफाई,फॉगिंग,एंटी लारवा नियमित रूप से किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने हाई रिस्क क्षेत्रो को चिन्हित किए जाने का निर्देश दिया। जिला स्वास्थ्य समिति में उन्होंने जेएसवाई भुगतान,परिवार नियोजन, स्वाथ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों, हेपेटाइटिस बी का टीका लगाए जाने,आयुष्मान भारत, बॉर्डर ब्लॉक के समस्त उपकेंद्र को प्रसव इकाई बनाए जाने ,आशा भुगतान का निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड बने जाने में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। इसके लिए पंचायत सहायकों की ट्रेनिंग कराए जाने का निर्देश दिया। शतप्रातिशत जेएसवाई पेमेंट किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, सीएमओ डॉ सुशील कुमार, अपर सीएमओ डॉ एके सिंघल,डीडीओ गिरीश चंद पाठक ,पीडी सीपी श्रीवास्तव समस्त एमओआईसी,डीपीआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित।

## शत प्रतिशत रहा सेण्ट थॉमस स्कूल का परीक्षा परिणाम,मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मोतीगंज गोंडा। मनकापुर सेण्ट थॉमस स्कूल मनकापुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम 29 मार्च को घोषित किया गया।परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।विद्यालय के प्रधानाचार्य डी.के. शुक्ला ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। छात्रा मनीषा यादव ने सबसे ज्यादा नम्बर लाकर विद्यालय टॉप किया।क्लास फर्स्ट में आरुषि सैनी व गुंजन त्रिपाठी प्रथम स्थान,क्लास सेकेंड में मोहम्मद उमर व लवी पटेल,प्रथम स्थान,क्लास थर्ड में उन्नति प्रथम स्थान,क्लास फोर्थ में अंजलि यादव प्रथम स्थान, क्लास फाइव में आकांक्षा रॉय,प्रथम स्थान,क्लास सिक्स में मनीषा यादव प्रथम,क्लास सेवेन में सुभी शुक्ला प्रथम स्थान,क्लास एट में रीतिका भट्ट प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति डायरेक्टर मुश्ताक अहमद खघन ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि निरन्तर विषय का अभ्यास कर हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रबंधक नौशाद खघन ने अपने सम्बोधन में कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकता। संस्कारित छात्र ही भविष्य में देश के सुनागरिक बनेंगे। प्रबंधक ने अभिभावकों से कहा कि घर पर अपने बच्चे को प्रोत्साहित करने और उसका समर्थन करने से, सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है।कक्षा में फर्स्ट,सेकेंड,थर्ड,स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



## घूम रहे छुट्टा आवारा पशु फसलों को चरकर कर रहे नष्ट,किसान परेशान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

अलावल देवरिया गोंडा। विकास खण्ड झंझरी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में घूम रहे छुट्टा गौवंशो को गौ आश्रय भेजने का सरकारी आदेश बेअसर साबित हो रहा है। सरकार द्वारा छुट्टा गौवंशो को जहां आदेशित किया गया है कि उन्हें गौ आश्रय भेजकर किसानों की फसलों को नुकसान होने से बचाया जाए बावजूद इसके झुंड के झुंड आवारा मवेशी किसानों की खड़ी फसल को चरकर नष्ट कर रहे हैं। ग्रामसभा तरगांव के सोनभरिया निवासी शिवराज, राम उदार, रंजीत सहित अन्य किसानों ने बताया कि अधिक से अधिक लागत लगाकर फसलों को तैयार किया गया लेकिन छुट्टा जानवर मौका पाते ही फसल को चर कर बर्बाद कर दिए हैं। किसानों ने मातहतों से सरकारी आदेश पर अमल करते हुए मवेशियों को गौ आश्रय भेजकर उनसे निजात दिलाने की मांग प्रशासन से की है। बताते चलें कि किसानों द्वारा बताया गया कि अधिक से अधिक लागत लगाकर फसल को तैयार किया जाता है लेकिन झुंड के झुंड छुट्टा जानवर मौका पाते ही फसलों को चरकर नष्ट कर देते हैं। जिससे किसान छुट्टा जानवरों से काफी परेशान हैं।



## निराश्रित महिला के घर पर जड़े ताले,दबंगों पर कोई कार्यवाही नहीं

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। जनपद के थाना तुलसीपुर के मोहल्ला पुरानी बाजार स्थित रामलीला पोखरा के निकट एक निराश्रित विधवा महिला के घर का ताला कुछ मन बढ़ व दबंगों ने तोड़कर ना केवल अपना ताला लगा दिया बल्कि घर में रखे कुछ सामान भी उठा ले गए पीड़ित महिला 3 दिनों तक मोहल्ले में भटकती रही कुछ लोगों ने उसकी मदद कर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने घर लगे ताले को तोड़वा कर उक्त महिला को घर में प्रवेश दिलाया दबंगों ने महिला को थाने आदि जाने पर हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी थी जिसके कारण महज 2 किलोमीटर दूर थाने तक उक्त महिला नहीं जा सकी पीड़ित ने घटित घटना की जानकारी थाने पर जा कर दी इसके बावजूद भी अभी तक ना तो दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही हुई ना मुकदमा पंजीकृत हुआ ऐसे में पीड़िता शांति देवी दर–दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है।

# दीपों की रोशनी से जगमगाया सिद्ध शक्ति पीठ गालापुर







**■ एक लाख ग्यारह हजार से अधिक दीपों का दीपदान कर दीपोत्सव का हुआ आयोजन**
**■ 2000 साल से भी पुराना है महाकाली वट वासिनी गालापुर शक्तिपीठ का स्थान**

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। मंगलवार को देर सांय तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्धपीठ गालापुर वटवासिनी महाकाली मन्दिर परिसर में नवरात्रि के सप्तमी के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि हियुवा प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्याम धनी राही, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व मन्दिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा, विनोद बाबा समेत भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा व आरती के उपरांत किया गया। इसके बाद दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा एक लाख ग्यारह हजार से अधिक की संख्या में दीपदान कर दीपोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मां वटवासिनी गालापुर महाकाली माता का मन्दिर पूर्वांचल का विख्यात शक्ति पीठ हैं इनकी शक्ति इतनी है कि यहां जो भक्त इनकी आराधना करता हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती हैं इसीलिए इस क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा 51000 दीप जलाकर का दीपोत्सव मनाने का संकल्प लिया गया था और नवरात्रि के अवसर पर संकल्प से सिद्धि की प्राप्ति हो रही हैं। कार्यक्रम में 51000 लक्ष्य के सापेक्ष 111000 से अधिक दीपों का दीपदान कर दीपोत्सव मनाना यही सिद्ध करता हैं। चौत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस दौरान नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने के लिए देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रामराज्य की स्थापना हो रही है, जिसका सीधा उदाहरण यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानीय प्रशासन से नौ दिवसीय चौत्र नवरात्रि और रामनवमी त्योहारों के दौरान समूचे राज्य में मंदिरों में दुर्गा सप्तशती और अखंड रामायण के पाठ सहित विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है।

जिसमें शक्तिपीठों' में दुर्गा सप्तशती, देवी गान और देवी जागरण तथा अष्टमी और रामनवमी 29 और 30 मार्च को प्रमुख मंदिरों और 'शक्तिपीठों' में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा हैं। पूर्व की सरकारें तुष्टिकरण की राजनीति के चक्कर में एक समुदाय विशेष के वोटों के खातिर विशेष तौर से उनके त्योहारों को महत्व देती थी। सदर विधायक श्यामधनी राही ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नवरात्रि में मन्दिरों हो रहे सरकारी कार्यक्रमों को रामराज्य की स्थापना बताया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कार्यक्रम को सुन्दर, अद्भुत व आलौकिक बताते हुए आयोजन समिति और श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दिया। मन्दिर प्रशासन के व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि मन्दिर के चारों तरफ 100–100 दीपकों से 1111 ब्लॉक, 111 ग्रुप बनाए गए थे जिसमें दस ब्लॉकों का एक ग्रुप बनाया गया था। एक ग्रुप में एक टीम प्रमुख तथा 10 वॉलिंटियर दीप जलाने हेतु रखे गए थे। इसके अतिरिक्त धर्मराज दुबे, श्रीराम, विजय यादव सहित बच्चियों द्वारा स्वास्तिक, ओम, मां की चरण पादुका, जय माता दी व धार्मिक चिन्हों की रंगोली बनाकर दीपों से सजाया गया था। विनोद बाबा ने बताया की इतनी अधिक मात्रा में दीपकों को सिद्धार्थनगर सहित अयोध्या, बस्ती, गोण्डा आदि जनपदों से मंगाया गया हैं। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा। मौके पर दमकल की गाड़ियां व एम्बुलेंस सहित पुलिस व प्रशासन के लोग ड्यूटी करते नजर आएं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अथिति राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए श्रद्धालुओं को नवरात्रि की बधाई देते हुए भारी संख्या में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी डुमरियागंज कुणाल ,पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र, नायब तहसीलदार डुमरियागंज आनंद ओझा ,थानाध्यक्ष इटवा अरविंद मौर्या, ओमप्रकाश तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव, भनवापुर, डुमरियागंज, अधिशासी अधिकारी डुमरियागंज, भारतभारी, लवकुश ओझा, मधुसूदन अग्रहरि, राजीव कुमार, शत्रुहन सोनी, रमेश सोनी, अशोक अग्रहरि, कमलेंद्र त्रिपाठी, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, लालजी शुक्ला, संजय मिश्रा, राजन अग्रहरि, शैलेश सिंह, हरीश पाण्डेय, अमरेंद्र त्रिपाठी, विनय पाठक, रमेशधर द्विवेदी, उदय शंकर श्रीवास्तव, राजकुमार चौधरी, मौलेश्वर बाबा, अजय, अर्जुन विश्वकर्मा, रामकृपाल, मुकेश मिश्रा, रोहित, दरोगा, विनोद श्रीवास्तव उर्फ पप्पू, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, राममूरत, धर्मेश पांडे, पिंटू मिश्रा, हरिशंकर पांडे, चंद्रकांत पांडे, विजय पांडे ,सोनू पांडे ,निखिल पांडे, शिवम मिश्रा ,मनीष पांडे, जयशंकर मिश्रा, रवि मोदनवाल, बजरंग मिश्रा, मोनू मोरिया, बृजेश शुक्ला, प्रेम पांडे, चंदू चौधरी आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# बाइक और साइकिल के टक्कर में बुरी तरह घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। बाइक और साइकिल में आमने सामने टक्कर। साइकिल सवार बुरी तरह घायल अक्षय कुमार पुत्र



रामाशीष निवासी बंगरा पोस्ट टंडिया साइकिल से जोगिया आया था की कमलेश सवकी पुत्र चेतराम उम्र 22 वर्ष लगभग मोटर साइकिल से टक्कर मार दिया ओर खुद बुरी तरह से घायल हो गया,जिसे उपनिरीक्षक अख्तर ने जिला अस्पताल पहुंचाया।घायल की पहचान सुपराजा टोला छेरिहा के रूप में हुई।

# अवैध अस्पतालों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग की छापेमेरी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। आस्था मेडिकल फार्मा एंड क्लीनिक पर





डिप्टी सीएमओ द्वारा अचानक छापेमारी की गई जांच के दौरान उचित दस्तावेज न मिलने पर अस्पताल की किया गयासील।ने की छापेमारी डिप्टी सीएमओ का ब्यान जिलाधिकारी के पास शिकायत होने पर क्लीनिक पर मारी गई छापेमारी मौके पर जोगिया के चिकित्साधिकारी भी मौजूद। जोगिया उदयपुर नादेपार मार्ग पर स्थित क्लीनिक पर मारी गई छापेमारी।

# मेंथा की खेती से अधिक लाभ कमाएँ:डॉ. प्रवेश कुमार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। डॉ. प्रवेश कुमार मृदा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना सिद्धार्थनगर नें बताया किसान भाई मेंथा की खेती करके अधिक लाभ लें मेंथा एक औषधीय फसल है जिसका प्रमुख रासायनिक घटक मेंथाल होता है जो बहुत ठंडा और हल्का होता है जिसका प्रयोग औषधीय एवं सुगन्धित पदार्थों के निर्माण में किया जाता है प्रमुख किस्मे सिम उन्नति, सिम क्रांति, सिम सरयू, कोसी आदि भूमि एवं जलवायु रू मेंथा के लिए उचित जल निकास वाली उपजाऊ मृदा अच्छी होती है जिस का पीएच मान 7 से 8.5 हो गर्म जलवायु की आवश्यकता होती है प्रवर्धन एवं पौध सामग्री मेंथा की सीधी बुवाई करने में 4 से 5 कुंतल तथा रोपण विधि में 80 से 100 किग्रा. प्रति हेक्टर सकर्स की आवश्यकता होती है। बुवाई का समय रोपण विधि से मार्च द्वतीय सप्ताह से अप्रैल प्रथम सप्ताह



तक की जाती है खेत की तैयारी एवं पौध रोपण रोपण से पहले खेत की 2 से 3 जुताई करते हैं 30 से 40 दिन की तैयार पौध को लाईन से लाईन की दूरी 45 सेमी एवं पौधे से पौधे की दूरी 15 सेमी पर 2.5 से 5सेमी की गहराई पर करते हैं खाद एवं उर्वरकरू एक कटाई के लिए 80 किग्रा नत्रजन, 40 किग्रा फास्फोरस एवं 40 किलोग्राम पोटाश तथा दो कटाई के लिये 150 किग्रा नत्रजन, 60 किग्रा फास्फोरस, 40 किग्रा पोटाश का प्रयोग करते हैं नत्रजन की 1ध्3 मात्रा, फास्फोरास एवं पोटाश की सम्पूर्ण मात्रा बुवाई के समय खेत में मिश्रित कर देते है। सिचाई बुवाई या रोपाई के तुरंत के बाद सिचाई करते हैं इसके बाद 10 से 15 दिन के अंतराल पर सिचाई करते हैं कटाई के 8 से 10 दिन पूर्व सिचाई बंद कर देते हैं कटाई जब ऊपर की पत्तियां छोटी एवं नीचे की पत्तियाँ पीली पड़ने लगे बुवाई के लगभग 100 से 120 दिन बाद एवं दूसरी कटाई पहली कटाई के 70 से 80 दिन बाद करते हैं पौधों को छाया में सुखाने के बाद आसवन करते हैं तेल की उपज दो कटाई 80 से 100 लीटर प्रति हेक्टेयर आय व्यय कुल लागत दो कटाई 50000 रुपया प्रति हेक्टेयर कुल आय 200000 रूपये प्रति हेक्टेयर शुद्ध लाभ 150000 रूपय प्रति हेक्टेयर। अधिक जानकारी के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना सिद्धार्थनगर से संपर्क करें।

# मां महाकाली सेवा समिति द्वारा विशाल फलाहार भंडारा, मां भगवती जागरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। वासंतिक नवरात्र के सप्तमी तिथि के दिन मंगलवार को नरकटहा के नेहरू नगर वार्ड



स्थित मां महाकाली मन्दिर परिसर में मां महाकाली सेवा समिति द्वारा विशाल फलाहार भंडारा और मां भगवती जागरण का अयोजन किया । फलाहार भंडारा में हजारों कि संख्या में लोग उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करके मां महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं देर रात तक चले मां भगवती जागरण में जयकारा लगाते हुए लोग झूमते रहे और पूरा पंडाल भक्ति मय माहौल में बना रहा। मां भगवती जागरण कि शुरूआत मुन्नर म्यूजिकल ग्रुप के धनंजय सिंह द्वारा किया गया जिसमें सबसे पहले उन्होंने गणेश वन्दना तेरी जय हो गणपति तेरी जय हो गणेश। इसके बाद कोमल मिश्रा ने मां डोली चढके चलेगी सेवक घरवा, अम्बे रानी का आज जगराता है और सुन मेरी मां तेरे दर पे तेरे दीवाने आए हैं प्रस्तुत करते हुए पूरे पांडाल को भक्ति मय माहौल में बना दिया। धनंजय सिंह द्वारा मां भगवती का भजन मां के दिल जैसा दुनिया में कोई दिल नहीं प्रस्तुत करते हि पूरा पंडाल भक्ति मय माहौल में होकर जय कारा लगाते हुए झूमने लगा। मुन्नर म्यूजिकल ग्रुप बस्ती द्वारा प्रस्तुत जागरण में आकाश पाण्डेय और मोहन शर्मा का भरपूर सहयोग रहा। फलाहार भंडारा कार्यक्रम मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद प्रारम्भ हुआ जो लगभग ग्यारह बजे रात तक चलता रहा। जागरण और फलाहार भंडारा में स्थानिय सासंद जगदम्बिका पाल के पुत्र अभिषेक पाल, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मो इद्रीश राइनी पटवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरी शंकर अग्रहरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ध्रुव चन्द्र जायसवाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष धनश्याम जायसवाल , पूर्व सभासद सै मो कुतुब, भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम सरन मौर्य, मनोज द्विवेदी, नरेश चंदवानी, सन्नी जायसवाल , गुड्डू गुप्ता, हरि गोविन्द साहू, संजय श्रीवास्तव , अनुपमा सिंह, जीवन अग्रहरी और अमरनाथ अग्रहरी आदि सहित अन्य तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एसआई अख्तर दरोगा ने दिखाई मानवता

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। एस आई अख्तर ने मानवता की मिसाल



पेस की ।जोगिया चौराहा के पास पोखरे में एक गोवंश अचानक पानी पीने गया और फिसलकर पोखरे में चली गई ।जिसकी सूचना समाज सेवी रवि सांसद प्रतिनिधि ने दी। स्पेक्टर अख्तर ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर लगभग दो घंटे से परेशान गोवंश को बाहर निकाला। जनता में चर्चा के विषय।

# महिला थाना ने सशक्तिकरण आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। महिला थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा नवरात्रि




पर्व के अवसर पर बर्डपुर क्षेत्र के महादेवा कुर्मी गांव में अपराजिता कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं के सशक्तिकरण,स्वावलम्बन, आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया ।आज दिनांक 29.03.2023 को थानाध्यक्ष महिला थाना मीरा चौहान व महिला पुलिस कर्मियों द्वारा नवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत महिलाओं की सुरक्षा एवं सुरक्षित परिवेश एवं सशक्तिकरण व महिला अपराधों के प्रति बर्डपुर क्षेत्र के महादेवा कुर्मी गांव में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। साथही 112,1090,181,1098,1076 हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी व साइबर ठगी से बचने के बारे मे जागरूक किया गया।

# डीएम ने किया खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक

## फूड फोर्टिफिकेशन के बैठक में शामिल हुए 49 कारोबारी






दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर ।आज बुधवार 29 मार्च 2023 को दिन में 12:00 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद सिद्धार्थनगर के साथ बैठक कर फूड फोर्टिफिकेशन रिपरपज यूज्ड कुकिंग ऑयल व सेव फूड, शेयर फूड पर चर्चा आयोजित की गई ।इससे पहले जिलाधिकारी का स्वागत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों एवं उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा फूड फोर्टिफिकेशन पर उपस्थित राईस मिलध्फ्लोर मिल संचालको से जानकारी प्राप्त की और उनसे फूड फोर्टिफिकेशन में आ रही समस्या पर चर्चा की ।रिपरपज यूज्ड कुकिंग ऑयल खाद्य पदार्थो को तलने में खाद्य तेल का इस्तेमाल दो बार से अधिक नहीं किए जाने तथा उक्त खाद्य तेल को रिपरपज यूज्ड कुकिंग ऑयल के अर्न्तगत बायोडीजल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया से सम्बन्धित फर्मों को बेचने का निर्देश दिया गया। जिससे तलने के बाद बचे हुए तेल को खाद्य श्रृंखला में दोबारा प्रयोग न किया जा सके तथा मानव स्वास्थ्य की गम्भीर समस्याओं को रोका जा सके। तलने के बाद बचे हुए तेल का यदि टीपीसी 25 से अधिक है, तो वह तेल विषाक्त है और उसे सेवन से उच्च रक्तचाप, अल्जाइमर रोग और लीवर की बीमारी समेत अनेक समस्याएं उत्पन्न होती है ।सेव फूड शेयर फूड बड़े कार्यक्रमों (वैवाहित कार्याक्रमों एवं अन्य) के आयोजनों पर अप्रयुक्त तैयार भोजन को सुरक्षित रखकर जरूरतमंदों में वितरित कराया जाए जिसके सम्बन्ध में टीजीआर होटल के प्रतिनिधि ने बताया किवह बचे हुए खाद्य पदार्थों को वृद्धा आश्रम में भेज दिया जाता है ।अन्य उपस्थित खाद्य कारोबार कर्ताओं को भी सेव फूड शेअर फूड में सक्रिय भागीदारी करके फूड वेस्टेज को रोकने में योगदान देने को कहा गया ।बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रमानु विजय कुमार यादव, पी0के0 वर्मा व आर0एन0 वर्मा ने बैठक से सम्बन्धित विषयों पर प्रकाश डाला तथा सहायक आयुक्त (खाद्य) जी०के० दूबे ने जिलाधिकारी महोदय व उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न किया बैठक में कुल 49 खाद्य कारोबारकर्ता सम्मिलित हुए।

# प्रधानाचार्यो का दो दिवसीय के0आर0पी0 प्रशिक्षण सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नगर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान




बांसी सिद्धार्थनगर में निष्ठा 2.0 के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकोंध्प्रधानाचार्यो का दो दिवसीय के0आर0पी0 प्रशिक्षण आज सम्पन्न हो गया। इस अवसर डायट प्राचार्य उपेन्द्र कुमार ने लीडरशिप फॉर लर्निंग पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभवों को साझा किया तथा माध्यमिक विद्यालयों को सीखने के केंद्र के रुप में विकसित करने को प्रधानाचार्यो से कहा। प्रशिक्षण में संदर्भदाता की भूमिका में डायट प्रवक्ता अनुराग कुमार श्रीवास्तव, फुरकान अहमद, डॉ प्रतिभा सिंह, महेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार वअनिल कुमार बिंद रहे। प्रशिक्षण मे राजकीय माध्यमिक विद्यालयों मे कार्यरत प्रधानाध्यापकोध्प्रधानाचार्यो ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में डायट प्रवक्ता मोहम्मद यूनुस, धर्मेंद्र कुमार, मंजुला यादव, सरोज सिंह व सतीश कुमार धवन का उल्लेखनीय योगदान रहा। प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग एच पी आई के सदस्य समंजर सिंह द्वारा किया गया।

# सम्पादकीय

**सोचें, राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस में एक पत्रकार को हड़का दिया, जबकि वह 15 साल से कांग्रेस कवर कर रहा है और ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है कि वह अपनी खबरों में बेवजह कांग्रेस की आलोचना करता हो। इसके उलट कांग्रेस के बड़े नेता उन पत्रकारों को गले लगाए रहते हैं, जो खुलेआम राहुल गांधी और कांग्रेस की...**

## केजरीवाल से सबक लेना चाहिए कांग्रेस को



कांग्रेस क ी मीडिया टीम के लोग हर समय रोते मिलेंगे कि मीडिया उनको नहीं दिखाता है। उनकी बात दबा दी जाती है। टेलीविजन चौनलों के एंकर भाजपा के प्रवक्ता की तरह बरताव करते हैं। यह बात मोटे तौर पर सही है। लेकिन सवाल है कि यह शिकायत आम आदमी पार्टी क्यों नहीं करती है? अरविंद केजरीवाल कभी किसी पत्रकार पर नहीं भड़कते हैं। उन्होंने भी मीडिया के व्यवहार पर सवाल उठाया है लेकिन कभी पर्सनल नहीं होते हैं। इसका कारण यह है कि भाजपा और केंद्र सरकार के समर्थन में होने के बावजूद मीडिया का बड़ा हिस्सा आम आदमी पार्टी की खबरें भी दिखाता और छापता है। मीडिया में आप के नैरेटिव को पर्याप्त जगह मिलती है। किसी भी मसले पर बहस के लिए आप के नेता बुलाए जाते हैं। अरविंद केजरीवाल को छोडिघ्ए, सौरभ भारद्वाज की प्रेस कांफ्रेंस पूरी दिखाई जाती है। दूसरी ओर कांग्रेस की तीन राज्यों में सरकार है और तीन राज्यों में उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें हैं लेकिन मीडिया में कांग्रेस के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं दिखाया और छापा जाता है। कह सकते हैं के केजरीवाल की पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में सरकार चला रही है इसका उसे एडवांटेज है। लेकिन उससे ज्यादा एडवांटेज इस बात का है कि राज्य सरकार ने साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का विज्ञापन का बजट रखा है और समर्थन की शर्त पर ही विज्ञापन दिया जाता है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि विज्ञापन की पूरी कीमत वसूली जाती है। कांग्रेस के शासन वाले राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बजट आए, इतनी बड़ी घोषणाएं हुईं, लेकिन बड़े अखबारों में खबर को प्रमुखता नहीं मिली, जबकि दिल्ली सरकार के बजट को सबने प्रमुखता दी। रविवार को दिल्ली के एक प्रमुख अंग्रेजी अखबार ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा देने की योजना की सफलता पर तीन–चौथाई पेज का फीचर छापा। उसमें लेख और लाभार्थी महिलाओं की फोटो छापी गई। यह कोई एडवरटोरियल नीं था, अखबार की अपनी खबर थी। ऐसी कोई खबर कांग्रेस शासित राज्यों की नहीं बनती है, जबकि वे भी विज्ञापन कम नहीं देते हैं। सोचें, राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस में एक पत्रकार को हड़का दिया, जबकि वह 15 साल से कांग्रेस कवर कर रहा है और ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है कि वह अपनी खबरों में बेवजह कांग्रेस की आलोचना करता हो। इसके उलट कांग्रेस के बड़े नेता उन पत्रकारों को गले लगाए रहते हैं, जो खुलेआम राहुल गांधी और कांग्रेस की आलोचना करते हैं। भूपेंदर सिंह हुड्डा के यहां सालाना लंच में ऐसे दो टीवी पत्रकार की खूब आवोभगत हुई, सारे दिन राहुल गांधी को पप्पू साबित करने में लगे रहते हैं। बाद में उन दोनों पत्रकारों का सचिन पायलट ने भी अपने यहां लंच में स्वागत किया। उनमें से एक को तो कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल न` सम्मानित भी किया था।

## श्री रामचंद्र जी अनंत हैं और उनके गुण भी अनंत हैं



आज चौत्र नवमी है। इसे राम नवमी के रूप में भी जाना जाता है। आज ही के दिन प्रभु श्री राम का जन्म अयोध्या में राजा दशरथ के राज महल में हुआ था। भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौसल्या हित कारी हरसित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी।। प्रभु श्रीराम आज भले ही शरीर रूप में दिखलाई न पड़ रहे हों। किंतु आज के ही दिन वे प्रत्येक भारतीय जन मानस के हृदय में जन्म लेंगे। मेरा विचार आपके सामने है और तुरंत आपके मन और मस्तिष्क में प्रभु श्रीराम का जन्म हो रहा है। प्रभु श्रीराम इस ब्रह्माण्ड के प्रत्येक कण कण में व्याप्त हैं। जरा अपने घरों के पूजा स्थल पर खड़े होइए और प्रभु श्रीराम के चित्र को देखिए वे प्रसन्नचित्त मुद्रा में हंस रहे हैं। प्रभु श्रीराम हमारी वेदना को शमित करने वाले हैं। वे दीन दयालु हैं। दीन दयालु उनकी उपाधि बहुत बड़ी है। दीन दयालु बिरूद सम भारी, हरहुं नाथ मम संकट भारी।। वे संकट को हरने वाले हैं। गरीब नेवाज हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान श्री राम के विषय में लिखते हैं कि रामचरित चिंतामनि चारू। संत सुमति तिय सुभग सिंगारु। जग मंगल गुनग्राम राम के। दानि मुकुति धन धरम धाम के।। अर्थात श्रीराम चंद्र जी का चरित्र सुंदर चिंता मणि है और संतों की सुबुद्धि रूपी स्त्री का सुंदर श्रृंगार है। श्री राम चंद्र जी के गुणसमूह जगत का कल्याण करने वाले और मुक्ति, धन, धर्म और परम धाम के देने वाले हैं। भगवान श्रीराम की महिमा अनंत है। श्रीराम कथा के विषय में गोस्वामी तुलसीदास जी का उद्घोष है कि राम अनंत अनंत गुन अमित कथा बिस्तार। सुनि आचरजु न मानिहहिं जिन्ह कें बिमल बिचार।। अर्थात श्रीरामचंद्र जी अनंत हैं। उनके गुण भी अनंत हैं। इसके साथ ही उनकी कथाओं का विस्तार भी असीम है। अतएव जिनके विचार निर्मल हैं, वे इस कथा को सुनकर आश्चर्य नहीं मानेंगे। इसलिए हे पाठकों! अपने विचार को निर्मल कीजिए और हृदय में श्रीराम चंद्र जी की निर्मल छवि को आत्मसात कीजिए। जय श्री सीताराम।

**लेखक विनय कांत मिश्र।/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

## जी–20: सतत जलवायु के लिए जल संरक्षण

**इतिहास और विरासत गुजरात के पर्याय हैं। गौरवशाली गुजरात में कई प्राचीन शहरों के अवशेषों, महलों, किलों और मकबरे मौजूद हैं, जो राजवंशों के भव्य स्वर्ण युग को दर्शाते हैं। रानी की वाव और अडालज वाव की बावड़ीय प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रदर्शित करती हैं तथा ये जल संसाधन संरक्षण के लिए भारत की दीर्घकालिक परंपरा की द्योतक हैं। गुजरात, पुराने और नए पारंपरिक जल ज्ञान तथा जल...**

पंकज कुमार

भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को इंडोनेशिया से जी–20 की अध्यक्षता ग्रहण की। जी–20 नेतृत्व, देश को ग्लोबल वार्मिंग, भोजन और ऊर्जा की कमी, आतंकवाद, भू–राजनीतिक संघर्ष और डिजिटल अंतर को कम करने समेत विभिन्न आकस्मिक स्थितियों से मुकाबला करने के लिए दुनिया को भारत के प्रयास तथा वर्तमान स्थिति (इंडिया स्टोरी) को सामने रखने का अवसर प्रदान करता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की जी–20 अध्यक्षताय पिछली 17 अध्यक्षता के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के आध ाार पर आगे बढने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस वर्ष की जी–20 थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यय भारत के वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) के अंतर्निहित दर्शन को पूरी तरह से व्यक्त करती है। यह दर्शन भारत के जी–20 नेतृत्व का मार्गदर्शन करेगा। पहली जी–20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की बैठक एक सकारात्मक परिणाम के साथ संपन्न हुई, जिसमें सभी जी–20 देशों ने भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) द्वारा प्रस्तावित विषयों पर अपना समर्थन व्यक्त किया। निम्न उर्वरता भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने, समुद्र–तटीय क्षेत्रों में नीली अर्थव्यवस्था के जरिये सतत विकास को बढ़ावा देने, जैव विविधता को बढ़ाने, जंगल की आग और समुद्री कचरे को रोकने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने आदि विषयों पर हुई गहन चर्चा ने दूसरे शिखर सम्मेलन में अधिक सकारात्मक व दृष्टिगत विचार–विमर्श के लिए मंच तैयार किया है।

जल संसाधन प्रबंधन के सर्वोत्तम तौर–तरीके अपनी जी–20 की अध्यक्षता के कार्यकाल के दौरान, भारत जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों से जुड़े प्रभाव को कम करने के लिए एक एकीकृत, व्यापक और सर्वसम्मति पर आधारित दृष्टिकोण के प्रति आशान्वित है। जल संरक्षण, वास्तव में, भारतीय पहचान और सांस्कृतिक इतिहास का अभिन्न अंग है और वर्तमान समय में यह और अधिक प्रासंगिक हो गया है। पानी की बचत करना, केवल जल संरक्षण से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हम सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, चाहे समय और स्थान कोई भी हो। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। जल जीवन मिशन कार्यक्रम का लक्ष्य, 2024 तक 193 मिलियन से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से पेयजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करना है। हमारे महत्वाकांक्षी नमामि गंगे मिशन ने नदी के कायाकल्प, प्रदूषण में कमी, पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण और नदी बेसिन प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण आदि के सन्दर्भ में मूलभूत बदलाव किये हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने इसे प्राकृतिक जगत को पुनर्जीवित करने के लिए विश्व के शीर्ष 10 कायाकल्प कार्यक्रमों (रेस्टोरेशन फ्घ्लैगशिप) में से एक के रूप में मान्यता दी है। अति महत्वपूर्ण जल भंडारण अवसंरचना को जलवायु अनुकूल बनाने के लिए भारत, दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रम का भी कार्यान्वयन कर रहा है।

इसके अलावा, मांग और आपूर्ति पक्ष से जुड़े कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से भूजल संसाधनों के दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए, अटल भूजल योजना लागू की जा रही है। यह योजना समुदाय के नेतृत्व में, ग्राम पंचायत–वार जल सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से वर्तमान में चल रहीध नई योजनाओं के संयोजन के जरिये कार्यान्वित की जा रही है। इन प्रयासों और कई अन्य योजनाओं के साथ, भारत वर्ष 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में, हम दूसरी जी–20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) बैठक की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं। यह बैठक जल संरक्षण और सतत तथा समानता आधारित जल संसाधनों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करेगी।

हमें उम्मीद है कि जल संसाधन प्रबंधन पर वैश्विक सर्वोत्तम तौर–तरीकों और अभिनव विचारों पर चर्चा करने के लिए बैठक में विभिन्न जी–20 देशों के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नदी कायाकल्पय जलवायु–अनुकूल अवसंरचनाय भूजल प्रबंधनय स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छता तथा स्वच्छ पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए रणनीति आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए होने वाली चर्चाओं से भाग लेने वाले देशों को एक दूसरे से सीखने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी लाने में मदद मिलेगी। इतिहास और विरासत गुजरात के पर्याय हैं। गौरवशाली गुजरात में कई प्राचीन शहरों के अवशेषों, महलों, किलों और मकबरे मौजूद हैं, जो राजवंशों के भव्य स्वर्ण युग को दर्शाते हैं। रानी की वाव और अडालज वाव की बावड़ीय प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को प्रदर्शित करती हैं तथा ये जल संसाधन संरक्षण के लिए भारत की दीर्घकालिक परंपरा की द्योतक हैं। गुजरात, पुराने और नए पारंपरिक जल ज्ञान तथा जल अवसंरचना निर्माण में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों के मिश्रण के साथ, 20 देशों को एक मूल्यवान मंच प्रदान करेगा, ताकि प्रत्येक देश का सर्वश्रेष्ठ सामने आ सके और प्रत्येक देश से सीखने का अवसर मिल सके।

(लेखक सचिव, जल संसाधन विभाग हैं)

**इसे दूर करने के लिए राग–द्वेष के बिना समाज के हर वर्ग और राजनैतिक दल के नेताओं को सामूहिक निर्णय लेना चाहिए कि ऐसी गैर–जिम्मेदाराना शब्दावली के लिए भारतीय लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं होगा। अन्यथा अभद्र भाषा की परिणिति निकट भविष्य में पारस्परिक हिंसा के रूप में हर जगह दिखने लगेगी। यदि ऐसा हुआ तो देश में अराजकता फैल जाएगी जिसे नियंत्रित करना किसी भी ...**

## सामयिक: बयानबाजी और मानहानि

विनीत नारायण

राहुल गांधी के ताजा विवाद पर पक्ष और विपक्ष तलवारें भांजे आमने–सामने खड़ा है। इस विवाद के कानूनी और राजनैतिक पक्षों पर मीडिया में काफी बहस चल रही है। इसलिए उसकी पुनरावृत्ति यहां करने की आवश्यकता नहीं है। पर इस विवाद के बीच जो विषय ज्यादा गंभीर है, उस पर देशवासियों को मंथन करने की जरूरत है। चुनाव के दौरान पक्ष और प्रतिपक्ष के नेता सार्वजनिक रूप से एक दूसरे पर अनेक आरोप लगाते हैं, और उनके समर्थन में अपने पास तमाम सबूत होने का दावा भी करते हैं। चुनाव समाप्त होते ही यह खूनी रंजिश प्रेम और सौहार्द में बदल जाती है। न तो वो प्रमाण कभी सामने आते हैं, और न ही जनसभाओं में उछाले गए घोटालों को तार्किक परिणाम तक ले जाने का कोई गंभीर प्रयास सत्ता पर काबिज हुए नेताओं द्वारा किया जाता है। कुल मिलाकर सारा तमाशा मतदान के आखिरी दिन तक ही चर्चा में रहता है, और फिर अगले चुनावों तक भुला दिया जाता है। हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता का यह एक उदाहरण है, जो हम आजादी के बाद से आज तक देखते आए हैं। हालांकि चुनावों में धन तंत्र, बल तंत्र और हिंसा आदि के बढ़ते प्रयोग ने लोकतंत्र की अच्छाइयों को काफी हद तक दबा दिया है। पिछले चार दशकों में लोकतंत्र को पटरी में लाने के अनेक प्रयास हुए पर उनमें विशेष सफलता नहीं मिली। फिर भी हम आपातकाल के अठारह महीनों को छोड़ कर कमोबेश संतुलित राजनैतिक माहौल में जी रहे थे। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षो में राजनीति की भाषा में बहुत तेजी से गिरावट आई है, और इस गिरावट का सूत्रपात्र सत्ता पक्ष के दल और संगठनों की ओर से हुआ है। श्ट्रॉल आर्मीय एक नया शब्द अब राजनैतिक पटल पर हावी हो गया है। किसी भी व्यक्ति को उसके पद, योग्यता, प्रतिष्ठा, समाज और राष्ट्र के लिए किए गए योगदान आदि की उपेक्षा करके यह श्ट्रॉल आर्मीय उस पर किसी भी सीमा तक जाकर अभद्र टिप्पणी करती है। माना जाता है कि हर क्रिया की विपरीत और समान प्रक्रिया होती है। परिणामतरू अपने सीमित संसाधनों के बावजूद विपक्षी दलों ने भी अपनी–अपनी श्ट्रॉल आर्मीय खड़ी कर ली हैं। कुल मिलाकर राजनैतिक वातावरण शालीनता के निम्न स्तर स्तर पर पहुंच गया है। हर वक्त चारों ओर उत्तेजना का वातावरण पैदा किया जा रहा है, जो राष्ट्र के लिए बहुत अशुभ लक्षण है। इससे नागरिकों की ऊर्जा रचनात्मक और सकारात्मक दिशा में लगने की बजाय विनाश की दिशा में लग रही है। पर लगता है कि राष्ट्रीय नेतृत्व को इस पतन की कोई चिंता नहीं है। जिस आरोप पर सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को इतनी कड़ी सजा सुनाई है, उससे कहीं ज्यादा आपराधिक भाषा का प्रयोग पिछले कुछ वर्षो में सत्ताधीशों द्वारा सार्वजनिक मंचों पर बार–बार किया गया है। मसलन, किसी भद्र महिला को श्जर्सी गायय कहना, किसी राज्य की मुख्यमंत्री को उस राज्य के हिजड़ों की भाषा में संबोधन करना, किसी बड़े राजनेता की महिला मित्र को श्50 करोड़ को गर्ल फ्रेंडय बताना, किसी बड़े राष्ट्रीय दल के नेता का बार–बार उपहास करना और उसे समाज में मूर्ख सिद्ध करने के लिए अभियान चलाना, किसी महिला सांसद को सांकेतिक भाषा में सूर्पनखा कह कर मजाक उड़ाना। ये कुछ उदाहरण हैं यह सिद्ध करने के लिए कि ऊंचे पदों पर बैठे लोग सामान्य शिष्टाचार भी भूल चुके हैं। यहां 1971 के भारत–पाक युद्ध के समय की एक घटना का उल्लेख करना उचित होगा। जब पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत के संदर्भ में घोषणा की थी कि वे भारत से एक हजार साल तक लड़ेंगे। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा में पाकिस्तान या भुट्टो का नाम लिए बिना भुट्टों के कथन का बड़ी शालीनता से जवाब दिया था, श्वे कहते हैं कि हम एक हजार साल तक लड़ेंगे, हम कहते हैं कि हम शांतिपूर्ण सहअस्तित्व से रहेंगे।य ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जब भारत के प्रधानमंत्रियों ने अपने ऊपर तमाम तरह के आरोपों और हमलों को सहते हुए भी अपने पद की मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। चाहे वे किसी भी दल से क्यों न आए हों। क्योंकि प्रध ाानमंत्री पूरे देश का होता है, किसी दल विशेष का नहीं। इस मर्यादा को पुनरू स्थापित करने की आवश्यकता है। भगवान श्री कृष्ण गीता में कहते हैं रू श्यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनरू। स यत्प्रमाणं कुरु ते लोकस्तदनुवर्तते।।(3.21)य अर्थात श्रेष्ठ पुरुष जैसा आचरण करता है, अन्य लोग भी वैसा ही अनुकरण करते हैं। इस संदर्भ में सबसे ताजा उदाहरण जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का है, जिन्होंने पिछले हफ्ते ग्वालियर के एक शैक्षिक संस्थान में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, श्गांधी जी के पास लॉ की कोई डिग्री नहीं थी। क्या आप जानते हैं कि उनके पास एक भी यूनिर्वसटी की डिग्री नहीं थी। उनकी एकमात्र योग्यता हाई स्कूल डिप्लोमा थी।य बीएचयू, वाराणसी के इंजीनियरिंग ग्रेजुएट का गूगल युग में ऐसा अहमक बयान किसके गले उतरेगा? जबकि सारा विश्व जानता है कि गांधी जी कितने पढ़े–लिखे थे और उनके पास कितनी डिग्रियां थीं? सिन्हा के इस वक्तव्य से करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। क्या देश भर की अदालतों में सिन्हा के खिलाफ मानहानि के मुकदमे दायर किए जाएं या राष्ट्रपति महोदया से अपने अधि ाकार का प्रयोग करते हुए उन्हें पद मुक्त किए जाने की अपील की जाए? क्योंकि मनोज सिन्हा कोई बेपढ़े–लिखे आम आदमी नहीं हैं, बल्कि एक संवैध ाानिक पद को सुशोभित कर रहे हैं। जब शासन व्यवस्था में सर्वोच्च पदों पर बैठे व्यक्तियों की भाषा में इतना हल्कापन आ चुका हो और वे गैर–जिम्मेदारी से बोल रहे हों तो यह पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। इसे दूर करने के लिए राग–द्वेष के बिना समाज के हर वर्ग और राजनैतिक दल के नेताओं को सामूहिक निर्णय लेना चाहिए कि ऐसी गैर–जिम्मेदाराना शब्दावली के लिए भारतीय लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं होगा। अन्यथा अभद्र भाषा की परिणिति निकट भविष्य में पारस्परिक हिंसा के रूप में हर जगह दिखने लगेगी। यदि ऐसा हुआ तो देश में अराजकता फैल जाएगी जिसे नियंत्रित करना किसी भी सरकार के बस में नहीं होगा।



## आईपीएल 2023 टिकेटः कहां बुक कर सकते हैं मैचों की टिकट, जानें बुकिंग के प्रोसेस से लेकर टिकट प्राइस की जानकारी

इंडियन प्रीमियर लीग अब शुरू होने जा रही है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। सिर्फ घर पर बैठकर ही नहीं बल्कि स्टेडियम में बैठकर अपनी पसंदीदा टीम को चीयर करने के लिए फैंस काफी उत्साहित है। क्रिकेट के महासमर में फैंस स्टेडियम हो या घर कहीं भी इन मुकाबलों को देखना चाहते है। कई फैंस अपनी पसंदीदा टीम को स्टेडियम में बैठकर चीयर करना चाहते है। ऐसे में ऑनलाइन टिकट बुक किए जा सकते हैं, जिससे स्टेडियम में मुकाबले देखने का आनंद फैंस ले सकते है। बता दें कि आईपीएल का पहला मुकाबला 31 मार्च की शाम को चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात जायंट्स के बीच होना है। इस मुकाबले के लिए सभी टिकट बिक चुके है। मगर अन्य मुकाबलों के लिए फैंस अब भी



टिकट बुक कर सकते है।

यहां बुक करें टिकट

आईपीएल 2023 में मुकाबले देखने के लिए फैंस बेहद आसानी से टिकट बुक कर सकते है। टिकट बुक करने की प्रक्रिया काफी आसान है। फैंस कई अलग अलग प्लेटफॉर्म पर जाकर टिकट बुक कर सकते है। इसमें **BookMyShow, Insider-in, TicketGenie, Occasion Now** और च्लजउ पर टिकट बुक हो सकते है। इन सभी अलग अलग प्लेटफॉर्म पर टिकटों की कीमत अलग है। इन टिकट को बुक करने के लिए फैंस को 400 रुपये से लेकर नौ हजार रुपये तक का भुगतान करना होगा।

ऐसे बुक करें टिकट – बुक माई शो पर टिकट बुक करने के लिए ऐप डाउनलोड करें। – आईपीएल टिकट बुकिंग सर्च करें। – इसके बाद टिकट प्राइस की लिस्ट सामने आएगी। – टिकट सिलेक्ट कर नेक्स्ट पर जाएं। – टिकट का पेमेंट करें और इसे डाउनलोड भी करे।

पेटीएम पर ऐसे बुक करें टिकट – पेटीएम पर भी आईपीएल 2023 के टिकट ऑनलाइन बुक होंगे। – टिकट बाय ऑनलाइन सेक्शन पर क्लिक करें। – टिकट लेने के लिए सीट सिलेक्ट करें और नेक्स्ट पर क्लिक करें। – इसके बाद टिकट का पेमेंट करें।

# Rohit अगर लय में रहे तो एक या दो मैच में विश्राम दी जा सकती हैः बाउचर

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने बुधवार को कहा कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लीग चरण के दौरान रोहित शर्मा को आराम देने में कोई समस्या नहीं होगी बशर्ते कप्तान बल्ले से फॉर्म हासिल करने में सफल रहे। मुंबई इंडियंस पिछले साल खराब प्रदर्शन के बाद वापसी के लिए बेताब होगी। टीम पिछले सत्र में 10 टीमों के आईपीएल में आखिरी स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस इस सत्र का आगाज दो अप्रैल को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ करेगी। रोहित इस साल अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप के दौरान भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे और ऐसे में खिलाड़ियों और विशेष रूप से रोहित के कार्यभार प्रबंधान पर भी ध्यान दिया जाएगा।



रोहित से यहां संवाददाता सम्मेलन में जब कुछ मैचों में विश्राम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस सवाल को बाउचर की ओर मोड़ दिया। बाउचर ने कहा, '' रोहित को आराम देने की बात करें तो वह कप्तान हैं। उम्मीद है कि वह इस दौरान शानदार लय में होंगे। उम्मीद है कि आराम नहीं करना चाहते है, लेकिन जो भी स्थिति होगी हम उसके अनुकूल काम करेंगे।'' रोहित ने पिछले सत्र में एक भी पचासा नहीं लगाया था। वह इस दौरान 19.14 की औसत से 268 रन ही बना सके। बाउचर ने कहा, '' अगर मैं एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकता हूं तो यह बहुत अच्छा होगा और इसका मतलब है कि अगर वह एक या दो मैचों के लिए आराम करना चाहते हैं तो मैं ऐसा करूंगा। इसमें कोई समस्या नहीं होगी।

आईपीएल के इस सत्र से लागू किए जा रहे 'इंपैक्ट' खिलाड़ी के नियम पर रोहित ने कहा कि इससे हरफनमौला खिलाड़ी की भूमिका कम नहीं होगी। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि यह एक ऑलराउंडर को प्रभावित करेगा या नहीं क्योंकि एक ऑलराउंडर हमेशा एक ऑलराउंडर ही रहेगा। खेल के किसी भी चरण में कोई फर्क नहीं पड़ता, आपके पास उसे किसी भी समय गेंदबाजी करने या किसी भी समय बल्लेबाजी करने का विकल्प होता है।'' उन्होंने कहा, '' उस खिलाड़ी (इंपैक्ट खिलाड़ी) का इस्तेमाल आप पांचवें या छठे गेंदबाज या एक अतिरिक्त बल्लेबाज के तौर पर कर सकते है।

# चीन में लड़की की कमी ने बढ़ाया ये क्रेज, शादी के लिए लड़के वाले देते हैं लाखों–करोड़ों का मोटा दहेज

चीन अब घटती आबादी को लेकर परेशान हो गया है। चीन की बड़ी जनसंख्या बूढ़ी हो रही है और जन्मदर बेहद ही कम है। चीन सरकार ने परिवार नियोजन के नियमों में ढील देने की घोषणा की है। अब चीन में दंपती तीन बच्चे पैदा कर सकेंगे। सत्तारूढ़ दल के पोलित ब्यूरो की हुई बैठक में तय हुआ कि ''चीन बुजुर्ग होती आबादी से सक्रिय रूप से निबटने के लिए प्रमुख नीतियां और उपाय लाएगा। चीन में परंपरा है कि लड़के वाले लड़की वालों को दहेज देते हैं। इसे कैली या प्राइड प्राइस कहा जाता है। ग्रामीण चीन में एक व्यापक लिंग असंतुलन पुरुषों को रिकॉर्ड दहेज देने के लिए प्रेरित कर रहा है जिसे ष्ब्राइड प्राइसष् कहा जाता है। यह प्रथा इतनी व्यापक हो गई है कि चीनी सरकार ने पिछले हफ्ते हस्तक्षेप करने का वचन दिया। इस घटना ने इतना ध्यान आकर्षित किया है कि अब यह 13 फरवरी को जारी कम्युनिस्ट पार्टी के 2023 के पहले नीति दस्तावेज में शामिल हो गया है।



चीन में वर्तमान में ही नहीं बल्कि सैकड़ों वर्षो से ये परंपरा चली आ रही है कि अगर शादी करनी है तो लड़के वालों को वधू मूल्य यानि ब्राइड प्राइस लड़की के पेरेंट्स को देना होता है। लेकिन अब ये परंपरा भारत की दहेज परंपरा की तरह विकृत हो चुकी है। लड़की वाले वर पक्ष से शादी के लिए मोटे पैसे की डिमांड करते हैं। अब ये मूल्य लाखों–करोड़ो में जा चुका है। इसने पूरे चीन को परेशानी में डाल दिया है। चीन में 1978 में तत्कालीन राष्ट्रपति डेंग शाओपिंग ने वन चाइल्ड पॉलिसी (माता–पिता को एक बच्चा पैदा करने की छूट की नीति) लाकर जनसंख्या बढ़ोतरी पर नियंत्रण लगाने की कोशिश की। इस कानून को लागू होने के तीन से ज्यादा दशकों में चीन में लिंगअनुपात बिगड़ गया है। इस दौरान देश में करीब 3–4 करोड़ अधिक लड़के पैदा हुए हैं जिससे इनकी शादी में मुश्किल होने लगी। नतीजा ये कि लड़कों को शादी के लिए लड़कियां नहीं मिल रही हैं। शादी की उम्र की लड़कियों के मां–बाप चीन की वधू मूल्य की परंपरा के तहत औसतन 16–17 लाख का दहेज मांगते हैं। कई बार तो ये दहेज 40 लाख से भी ज्यादा का हो जाता है।

## राजकीय पौधशाला का जिलाधिकारी नें किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंगलवार को



विकास खण्ड राबर्ट्सगंज क्षेत्र के राजकीय पौधशाला लोढ़ी का आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने पौधशाला परिसर में उत्पादित पौधों को देखा और इसकी देख–देख, रख–रखाव तथा अन्य आवश्यक पहलुओं के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर, उत्पादित पौधों का सत्यापन भी किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला खनिज निधि सोनभद्र से प्राप्त धनराशि 61.06 लाख रूपये से पौधशाला लोढ़ी परिसर में निर्मित होने वाले मशरूम इकाई के लिए फर्श निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मशरूम के लिए फर्श बनाने के कार्य में और तेजी लाया जाये, उन्होंने कहाकि मशरूम फर्श के निर्माण कार्य के दौरान उसके गुणवत्ता व पारदर्शिता का भी ध्यान रखा जाये, ताकि भविष्य में किसी तरह की कठिनाई न होने पायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मशरूम फर्श बनने के बाद जिले के इच्छुक किसानों व नागरिकों को मशरूम उगाने के लिए प्रशिक्षित करने का भी कार्ययोजना तैयार किया जाये, जिससे यहां के नागरिक मशरूम की उपज कर, इसका लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भर भी बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यान परिसर में साफ–सफाई बनाया रखा जाये, अच्छे किश्म के फलदार पौधे भी उत्पादित किया जाये व आस–पास के लोगों को इसकी जानकारी भी दी जाये, जिससे लोग अपने खेतों में इसका रोपण कर आने वाले दिनों में फल प्राप्त कर सके। उन्होंने ड्रैगन फ्रूट व स्ट्राबेरी के पौध भी उत्पादित करते हुए यहां के किसानों व इच्छुक लोगों को भी उचित कीमत पर मुहैया कराया जाये और इसके फायदा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए जागरूक भी किया जाये।

## ब्राजील में कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या सात लाख पहुंची

साओ पाउलो। ब्राजील में कोरोना वायरस के संक्रमण से सात लाख लोगों की जान जा चुकी है। अमेरिका के बाद ब्राजील में कोरोना वायरस के संक्रमण से सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। मृतकों का आंकड़ा सात लाख पहुंचने के बाद ब्राजील के स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि



हाल के दिनों में कोविड–19 से मरने वाले अधिकतर लोगों का या तो टीकाकरण नहीं हुआ था या वे अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, ब्राजील में प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान में उपलब्ध टीका उन परिवारों के जीवन में बदलाव ला सकता है जिन्होंने अपने प्रियजनों को महामारी में खो दिया है। स्वास्थ्य मंत्री निसिया त्रिनदादे ने महामारी से निपटने के तरीके के लिए पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो की आलोचना की। पूर्व राष्ट्रपति कोविड–19 से संक्रमित हो गए थे और बाद में उन्होंने कोरोना वायरस का टीका लेने से इनकार कर दिया था और स्वास्थ्य प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। निसिया ने कहा, हमें अतीत को देखना होगा, लेकिन साथ ही हमें यह कहना होगा कि स्वास्थ्य मंत्रालय समन्वय नहीं करने, देखभाल नहीं करने, इलाज (बीमारी का) नहीं करने की गलती नहीं कर सकता। हमें एकजुट होने की जरूरत है ताकि नई त्रासदी न हो। जन स्वास्थ्य अधिकारियों को समय समय पर परामर्श देने वाले, ब्राजील के संस्थान ''इन्स्टीट्यूट फॉर हेल्थ पॉलिसी स्टडीज'' के कार्यकारी निदेशक मिगुएल लागो ने कहा कि सात लाख लोगों की मौत का आंकड़ा, कोविड महामारी की रोकथाम के लिए समय रहते कार्रवाई न करने वालों तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को न्याय के दायरे में लाने की देश की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। उन्होंने कहा ''जन प्रतिनिधियों की सीधी जिम्मेदारी बनती है जिन्हें जवाब देना होगा।

## रूस की किसी भी तरह की जीत खतरनाक हो सकती है : जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार



को चेतावनी दी कि अगर उनका देश प्रमुख पूर्वी शहर में लड़ाई नहीं जीतता है तो रूस इस पर समझौते के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना शुरू कर सकता है जिसके लिए यूक्रेन को ऐसे समझौते करने पड़ सकते हैं जो उसके लिए अस्वीकार्य हो सकते हैं। उन्होंने लंबे समय से रूस के सहयोगी रहे चीन के नेता को भी वार्ता के लिए आमंत्रित किया। जेलेंस्की ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि यदि बखमुत पर रूसी सेना का कब्जा हो जाता है तो उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ''इस जीत को पश्चिमी देशों, अपने समाज, चीन और ईरान के सामने बखान करेंगे।'' जेलेंस्की ने ऑनलाइन दिए गए साक्षात्कार में कहा, ''अगर उन्हें जरा भी महसूस हुआ कि हम कमजोर पड़ रहे हैं तो वह हमें दबाएंगे।'' जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप या रिपब्लिकन पार्टी के अन्य किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा कि 2024 के चुनाव में अगर रिपब्लिकन पार्टी की जीत होती है तो उन्हें चिंता है कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन से युद्ध पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका वाकई में समझता है कि अगर उन्होंने हमें मदद रोक दी तो हम जीत नहीं पाएंगे।

नवरात्रि की नवमी को
मां सिद्धिदात्री पूजी जाती हैं,
कमल पुष्प हाथों में ले मां
सिंह की सवारी करती हैं।
साधना की अष्ट सिद्धियां
माता धारण करती हैं,
सिद्धि और बुद्धि की देवी मैया
कृपा दृष्टि बरसाती हैं।
शिवजी ने मैया की कृपा से
सभी सिद्धियों को प्राप्त किया,
आधा रूप नारी का धर के
अर्धनारीश्वर नाम दिया।
जो ध्यवे माता को मन से
सिद्धियों को वह पाता हैं,
दुख दरिद्र निकट नहीं आता
सब सुख भोग कर जाता है।
नवमी के दिन नवो देवियों
का आवाह्न करते हैं,
पूर्ण श्रृंगार और हवन से
मैया की विदाई करते हैं।
अगली नवरात्रि मैया जी
फिर से हमारे घर आना,
सुख शांति और समृद्धि
हम सबको देती जाना।।
जय माता दी....



**डा सीमा मिश्रा/**
**दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# जिस ज्यूडिशियल रिफॉर्म से इजरायल में इमरजेंसी जैसे हालात, उसी नेतन्याहू की राह पर शहबाज! कोर्ट के स्वतः संज्ञान से परेशान उठाएंगे ये कदम?

इजरायल इन दिनों अपनी घर की बगावत से दो–चार हो रहा है। इजरायल में जनता की आवाज अमन और शांति के साथ उठनी शुरू हुई थी। लेकिन सरकार और सिस्टम ने पॉवर दिखाई तो इजरायल की जनता सड़कों पर संग्राम करती नजर आई। इजरायल में इन दिनों ज्यूडिशयरी रिफॉर्म पर बवाल मचा है। वहीं एक मुल्क ऐसा भी है जो इजरायल की तर्ज पर न्यायिक शक्तियों में कटौती का मन बना रहा है। वो मुल्क कोई और नहीं बल्कि इन दिनों आर्थिक बदहाली झेल रहा पाकिस्तान है। राजनीतिक अस्थिरता के लंबे इतिहास लिए कर्ज के जाल में फंसे पाकिस्तान के हुक्मरान अब अदालतों पर अंकुश लगाने के लिए लाने वाले हैं नए फरमान। पाकिस्तान के वजीर–ए–आलम शहबाज शरीफ ने कहा है कि यदि संसद ने प्रधान न्यायाधीश की शक्तियों को कम करने के लिए कानून नहीं बनाया, तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

न्यायपालिका पर नियंत्रण चाहते हैं शहबाजः पाकिस्तान की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए शहबाज शरीफ ने सुप्रीम कोर्ट के जज मंसूर अली शाह और न्यायमूर्ति जमाल खान मंडोखेल के असहमतिपूर्ण फैसले



के बारे में विस्तार से बात की, जिन्होंने प्रधान न्यायाधीश के किसी भी मुद्दे पर कार्रवाई के लिए स्वतरू संज्ञान लेने और विभिन्न मामलों की सुनवाई के लिए पसंद की पीठ का गठन करने के असीमित अधिकार की आलोचना की है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि इस बीच, पाकिस्तान के मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक कानून के मसौदे को मंजूरी दे दी है, जिसमें पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश की विवेकाधीन शक्तियों को कम करने का प्रावधान है। इजरायल में क्यों हो रहे प्रदर्शन? : पिछले दो महीने से जनता लगातार इजरायल के ज्यूडिशयरी रिफॉर्म के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। लेकिन 26 मार्च से इजरायली जनता इतने आक्रोश में है कि अब सड़कों पर जोर आजमाइश कर रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के मुकदमें दर्ज हैं और वो जेल जाने से बचने के लिए जजों पर लगाम लगाने की कोशिश कर रहे हैं। देश में भारी प्रदर्शन को देखते हुए राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कहा कि आज रात हमने कुछ बहुत ही कठिन दृश्य देखे। मैं प्रधानमंत्री, सरकार और गठबंधन के सदस्यों की ओर रुख कर रहा हूं। भावनाएँ कठिन और दर्दनाक हैं। लोगों में गहरी चिंता व्याप्त है। सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, समाज – सब कुछ खतरे में है।

## रिश्वतखोर कर्मचारी लगा रहे सरकारी महकमे के माथे पर कलंक

देवरिया। ट्रेजरी आफिस के लेखाकार दिनेश उपाध्याय के घूस लेते एंटी करप्शन टीम के पकड़े जाने के बाद एक बार फिर से यह साबित हो गया है कि सरकारी विभाग में रिश्वतखोर कर्मचारियों की जड़ें गहरी हैं। बिना दाम लिए काम न करने के आदी हो गए हैं। अभी दो माह पहले ट्रेजरी आफिस के ही एक कर्मचारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था। मामले में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रूख अख्तियार किया तो कर्मचारी को निलंबित किया गया। अगस्त माह में खुखुंदू थाना क्षेत्र मरहवा गांव निवासी शत्रुघ्न कुशवाहा ने एंटी करप्शन को शिकायत किया था कि खेत का नक्शा दुरुस्त कराने के नाम पर हल्का कानूनगो रिश्वत मांग रहे हैं। इस पर 20 अगस्त को तहसील दिवस पर भूमि का पत्थर दुरुस्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। कार्रवाई की जिम्मेदारी हलका कानूनगो अशोक पांडेय को दी गई थी। इस पर टीम ने कानूनगो को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ लिया था। इसी तरह बिजली निगम कार्यालय पर तैनात वरिष्ठ लिपिक उग्रसेन सिंह को एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते पकड़ा था। कर्मचारी नेताओं ने उठाया सवालः देवरिया। दिनेश उपाध्याय के पकड़े जाने के बाद ट्रेजरी आफिस के कर्मचारी व कर्मचारी नेता कोतवाली पहुंच गए। कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि एंटी करप्शन की टीम ने जबरन हाथ में रुपये पकड़ा दिया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि कार्रवाई गलत की गई है। इसकी शिकायत कोषाधिकारी से की गई है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी को पूरे मामले की जानकारी बुधवार को लिखित तौर पर दी जाएगी।

## जिला मानिटरिंग सेल के प्रयास से 10 वर्ष की कठोर कारावास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ,सिद्धार्थनगर। जिला मानिटरिंग सेलके प्रयास थाना शोहरतगढ़ पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या का प्रयास के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 20,000ध– के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के सम्बन्ध में अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में मंगलवार दिनांक 29–03–2023 को वाद सं0 209ध2011 मु0अ0सं0 1160ध2011 धारा 307 भादवि0 थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित अभियुक्त रामप्रसाद उर्फ चिनक पुत्र बेचन चौधरी निवासी मेड़वा थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को प्रभावी पैरवी कराकर दण्डित कराया गया। उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त रामप्रसाद उर्फ चिनक उपरोक्त को माननीय न्यायाधीश हिमांशु दयाल श्रीवास्तव अपर जिला सत्र न्यायाधीश–2 सिद्धार्थनगर द्वारा 10 वर्ष के कठोर कारावास व 20,000ध– के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय सिद्धार्थनगर, राजेश त्रिपाठी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी बावनजीत गौतम, थाना शोहरतगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

## लोक शांति के लिए खतरनाक अपराधी को डीएम ने किया गुंडा एक्ट के तहत पाबंद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। छावनी थाना क्षेत्र के मल्लूपुर निवासी अमरनाथ मिश्र उर्फ शशी को जिला अधिकारी ने लोक शांति के लिए खतरा एवम अभ्यस्त अपराधी मानते हुए 6 माह की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इसका पालन नही करने पर इस के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। बताते चलें कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाना छावनी की पुलिस ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला जिला अधिकारी की कोर्ट में दाखिल किया था, राज्य सरकार की ओर से अभियोजन अधिकारी ने बहस के दौरान बताया कि अमरनाथ के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं, तथा पुलिस वीट अधिकारी के रिपोर्ट के अनुसार भी अमरनाथ के कृत्य उसकी उदंड एवम अभ्यस्त अपराधीक मानसिकता को दर्शाते हैं। यह लगातार आपराधिक मामलों में लिप्त रहता है, क्षेत्र और जवार में इसका आतंक व्याप्त है, यह गुंडा किस्म का व्यक्ति हैं, इसके खिलाफ थाने तथा न्यायालय में सही बात कहने का भी साहस भी लोग नही कर पाते हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी ने आदेश दिया है कि इसे लोक शांति बनाए रखने हेतु प्रतिबंधित किया जाता है, इसे हर माह की 1 और 15 तारीख को थाने में उपस्थिति दर्ज करवानी पड़ेगी, इस अवधि में किसी भी प्रकार का आपराधिक कृत्य करने पर अमरनाथ के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## श्री राम कथा का शुभारंभ,डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिह धीरु आयोजक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत् २०८० युगाब्द ५१२५ के शुभारम्भ एवं चौत्र नवरात्रि के सप्तमी के पावन दिन



मुक्तेस्वरनाथ महादेव मंदिर,ग्राम जनकपुर,तुलसीपुर में प्रभु श्री राम कथा के आयोजक डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिह धीरु ने शुभारंभ व्यासपीठ की विधिवत पूजा पाठ कर हुआ,कथा में अतिथि के रूप मे दद्दन मिश्र (पूर्व सांसद) जिला पंचायत श्रावस्ती, विनय प्रकाश त्रिपाठी के साथ आजमगढ़ देवरिया से आए अनेक अतिथि उपस्थित हुए,कथा में आज प्रभु श्री राम जी का विवाह माता सीता के साथ संपन्न हुआ ,आरती पूजन कर प्रभु का पाव पूजन का कार्यक्रम किया गया,हजारों की संख्या में भक्तों ने पाव पूज कर कथा का अमृत पान किया एवम कथा उपरांत आरती कर आज की कथा का समापन हुआ,इसी क्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा उपरांत प्रसाद पाया। उक्त अवसर पर डी पी सिंह बैस ,विपुल, शुभेंद्र, गौरव, अभिषेक सिंह, शिवम मिश्र, मनीष सिंह, सहित हजारों भक्त माताएं बहनें उपस्थित रही।

# अभी एक साल और झेलनी होगी जलभराव की मुसीबत

## सुस्त निर्माण और घटिया निर्माण सामग्री से तीन बार ढह चुका है नाला

देवरिया। शहर को जल भराव से निजात दिलाने के लिए करीबन 8.8 किलोमीटर का बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। करीब 44 करोड़ की लागत से बनने वाला यह नाला हल्की बरसात में तीन बार गिर चुका है। जांच के पेंच में भी फंसता नजर आ रहा है। नाला निर्माण से शहरवासियों को काफी उम्मीद थी कि अगले साल तक शहर को जल भराव से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन इसकी सुस्त रफ्तार और घटिया निर्माण से लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। अब इसके निर्माण के लिए लोगों का इंतजार करना पड़ेगा। शहर के कुर्ना नाले के पास से स्टार्म वाटर ड्रेनेज परियोजना के तहत बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। इस नाले से शहर के जल भराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी थी, पर निर्माण गति ऐसी है कि एक साल का समय नजदीक है, लेकिन महज दो किलोमीटर तक ही नाले का आधा–अधूरा निर्माण हो पाया है। जबकि बाकी बचे सात किलोमीटर नाला का निर्माण 2024 तक होना है। वहीं दूसरी तरफ नाला निर्माण को लेकर शासन स्तर से बैठी जांच के कारण लापरवाह अफसरों की कलई भी खुलने लगी है। कार्रवाई के दायरे में इंजीनियर आए हैं। इसके डिजाइन को लेकर सवाल खड़ा हुआ है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में डिजाइन में भी परिवर्तन हो सकता है। इससे एक बात साफ है कि बड़े नाले के लिए लोगों को अभी इंतजार करना पड़ सकता है। अब डेढ़ माह बाद बरसात भी शुरू हो जाएगा, इससे काम प्रभावित हो जाएगा।

जांच बैठी तो दूसरे छोर से शुरू कर दिया कामः देवरिया। बड़े नाले का निर्माण कुर्ना नाले से शुरू होकर रामनाथ देवरिया चौराहे तक, यहां से नाले को दो भाग में बांट दिया गया है। एक रुद्रपुर मोड़ से होते हुए पुलिस लाइन तक पहुंचेगा तो दूसरा वन विभाग कालोनी होते हुए कचहरी चौराहे पर सिविल लाइन के नाले को जोड़ेगा, ताकि शहर को जल भराव से मुक्ति मिल सके। इस नाले का निर्माण कुर्ना नाले पास से रामनाथ देवरिया मोड़ तक शुरू किया गया था, लेकिन जब बरसात के दिन में नाले की दीवार गिर गई तो जांच बैठा दी गई। इसके बाद कार्यदायी संस्था ने दूसरे छोर पुलिस लाइन के पास से काम शुरू कर दिया। सबसे गंभीर बात तो यह है कि कार्रवाई के लिए टीम ने अपनी रिपोर्ट भेज दी। इसी बीच फिर से पहले की तरह काम शुरू कर दिया गया है। इससे जिम्मेदार अफसरों की कार्यशैली पर खड़ा हो रहा है। नाले से शहरवासियों को ये होगा फायदाः देवरिया। शहर में बरसात के दिनों में करीब दस ऐसे मोहल्ले हैं, जहां कमर भर पानी लग जाता है। इतना ही नहीं कलेक्ट्रेट परिसर, एसपी ऑफिस सहित कई सरकारी विभागों में पानी घुटने भर लगता है। यह समस्या करीब दो दशक से अधिक समय से चली आ रही है। हर बरसात में राघव नगर, सिविल लाइन, पुलिस लाइंस, रामनाथ देवरिया, उमानगर, न्यू कॉलोनी, ट्यूबवेल कॉलोनी आदि जगहों सहित शहर के मुख्य मार्गों पर जलभराव की समस्या से लोग जूझते हैं।

# खरगूपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैया भये कोतवाल तब डर काहे का

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। ये बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह खरगूपुर के अंतर्गत पनपने वाले समस्त झोला छाप डॉक्टरों पर सटीक बैठती है। रुपईडीह और खरगूपुर के क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में झोला छाप डॉक्टरों ने अपनी दुकान खोल रखी है जिसपर यहां की अधीक्षक डॉ श्वेता त्रिपाठी का विशेष रहमोकरम है जिसके कारण ये सभी झोला छाप बिना किसी भय के अपनी दुकान दारी चला कर यहां के मरीजों के स्वास्थ्य के ।साथ खिलवाड़ करते हुए अपनी जेब भरने का कार्य कर रहे है। गौरतलब है कि विसुना पुर के डॉ अजमल का वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी महोदय के द्वारा सघन अभियान चला कर कार्यवाही करने की बात की गई थी जिसके अनुपालन में दो चार दिन के लिए ही सही किन्तु टीम बनाकर तत्कालीन अधीक्षक डॉ अजय यादव के द्वारा जांच अभियान चलाया गया था किंतु शायद ये बात झोला छाप को संरक्षण देने वालो को नागांवर गुजरी और डॉ अजय यादव को अधीक्षक पद से हटा दिया गया ,जिसके बाद डॉ श्वेता त्रिपाठी को अधीक्षक बना दिया गया ।जब से ये महोदया अधीक्षक की कुर्सी पर विराजमान हुई तब से झोला छाप की चांदी हो गयी।



जो जांच अभियान चलाया जा रहा था उसमें मिले सभी दोषियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की गई और सघन जांच अभियान को भी बंद कर दिया गया। अब हालात ये है कि डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी के चेले सिर्फ झोलाछाप लोगो से वसूली का कार्य करने में लिप्त हो चुके है जिसके कारण अब झोलाछाप बिना किसी डर व भय के अपनी दुकान संचालित कर रहे है। ताजा मामला खरगूपुर का है जहाँ पर अवैध रूप से संचालित अजहरी हॉस्पिटल पुरानी बाजार खरगूपुर जिसका कोई पंजीकरण तक नही है ।वहां दिनांक 28 मार्च 2023 को संगीता सोनी का सिजेरियन ऑपरेशन किया गया जहां बच्चे की मृत्यु हो गयी। जब प्रसूता के घर वालो ने इसकी शिकायत डॉ श्वेता त्रिपाठी से की तो उन्होंने कोई कार्यवाही न करते हुए उल्टा परिजनों पर ही दोष मढ़ दिया कि आप लोग स्वयं से ही लेके गए थे,इसलिए जिम्मेदारी आपकी ही है। सोचने वाली बात ये है कि एक तो डॉ श्वेता त्रिपाठी के कार्यक्षेत्र में अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन हो रहा था ,उसपर कोई कार्यवाही न करते हुए उलटा उसे संरक्षण दिया जा रहा ह। आखिर इतनी मेहरबानी की कोई कीमत तो जरूर होगी स्वास्थ विभाग के अधिकारियों द्वारा इस प्रकार से अवैध नर्सिंग होम व झोला छाप डॉक्टरों को संरक्षण देने कोई नई बात नही है ।डॉ श्वेता त्रिपाठी के अधीक्षक बनने के बाद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर का भी हाल बहुत खराब हो चुका है,प्रसव के लिए आने वाले प्रसूताओं से इनके द्वारा प्रसव केंद्र की इंचार्ज मंजू शुक्ला के द्वारा 2000 रुपया लिए बिना प्रसव नही कराया जाता है। शिकायत होने पर डॉ श्वेता मंजू शुक्ला की भी पैरवी करती है। भगवान ही बचाये ऐसे अधीक्षक के क्षेत्र वासियों को।

# भगवान श्री राम जन्मभूमि के भव्य मंदिर निर्माण से पूर्व गुरु वशिष्ठ जी का दिव्य मंदिर बनेगा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। जिले के वशिष्ठ आश्रम परिसर बढ़नी मिश्र में निर्माणाधीन मंदिर में इसी वर्ष 24 अक्टूबर को विधि विधान पूर्वक एक भव्य समारोह में तुलसी पीठाधीश्वर जगत गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा महर्षि वशिष्ठ के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी जिसमे उनके उत्तराधिकारी आचार्य राम चन्द्र दास जी महाराज सहित देश के अनेक साधु, संत, महंत उपस्थित रहेंगे। आज वशिष्ठ आश्रम पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में जगत गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य राना दिनेश प्रताप सिंह ऊं नमो राघवाय दामोदर मिश्र सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश मिश्र, संतोष मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि हम लोगों के साथ दस सदस्यीय एक प्रतिनिधि मण्डल ने कल 28 मार्च को चित्रकूट धाम स्थित तुलसी पीठ में जगतगुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी से मुलाकात करने के बाद कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी इस मंदिर के आजीवन संरक्षक हैं जिनके संरक्षण में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व भी अनेक सांस्कृतिक,धार्मिक कार्यक्रम और यात्राएं आयोजित होंगी। आगे बताया कि जगतगुरू जी के निर्देश पर इस मंदिर में गुरु वशिष्ठ जी,माता अरुंधती जी तथा भगवान राम चारो भाइयों के साथ विद्यार्थी के रूप में विराजमान होंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री एवम सांसद बस्ती श्री हरीश द्विवेदी तथा विधायक अजय सिंह ने



पर्यटन मंत्री जयबीर सिंह को पत्र लिखकर वशिष्ठ आश्रम के विकास हेतु अनुरोध किया था जिसकी कार्यवाही शासन स्तर पर चल रही है। राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि वशिष्ठ आश्रम को श्री राम सर्किट से जोड़ने की मांग भी की गई है जिससे जहां एक तरफ बस्ती का गौरव बढ़ेगा वहीं पर्यटन और रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बस्ती के बढ़नी में महर्षि वशिष्ठ का आश्रम था जहां अयोध्या नरेश महाराज दशरथ ने अपने चारो पुत्रों राम, लक्ष्मण, भरथ तथा शत्रुघ्न को विद्याध्ययन के लिए भेजा था। यहीं पर विद्यार्थी के रूप में उन्हें शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दीक्षा मिली थी। इसी कारण इस जिले का नाम वशिष्ठि पड़ा था जो कालांतर में अपभ्रंश होकर बस्ती हो गया। देश और दुनिया में फैले वशिष्ठ गोत्र के ब्राह्मण कुल की उत्पति स्थली बढ़नी मिश्र ही है। जिले में 12 गांवों में फैले वशिष्ठ गोत्रीय मिश्र वंश के लोग आज भी निवास करते हैं। बस्ती जिले का नाम वशिष्ठ नगर किए जाने के लिए जनपद स्तर पर कई बार उत्तर प्रदेश शासन को प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, मयंक श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, चंद्र मणि मिश्र,रत्नेश मिश्र,आदि मौजूद रहे।

## छात्र सभा के जिला अध्यक्ष ने थाना अध्यक्ष का किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। रालोद छात्र सभा के जिला अध्यक्ष इरफान मलिक ने हाथरस गेट थाना अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राघव का किया स्वागत रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मलिक ने हाथरस गेट थाना अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राघव जी का फूल माला व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया मलिक ने कहा कि किसी भी पीड़ित के साथ जुलुम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पीड़ित गरीब हो या अमीर सभी की समस्याओं को एक समान समझकर न्याय दिलाने का कार्य किया जाना चाहिए थाना अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राघव जी ने विश्वास दिलाया कि कोई भी पीड़ित मेरे होते हुए अपने आप को असहाय महसूस नहीं करेगा भरोसा दिलाया कि पीड़ित की हर संभव मदद की जाएगी स्वागत करने वालों में अमित कुमार राहुल कमल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय में चयनित होकर बढ़ाया विद्यालय और माता–पिता का मान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ब्रिजमनगंज,फुलमनहा,महराजगंज। फुलमनहा बाजार में स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र संजीत कुमार व संकर ने नवी के लिए नवोदय परीक्षा में 6 सीटों में दूसरा स्थान प्राप्त किया जिससे विद्यालय के समस्त शिक्षक और सिखाएं और पूरा विद्यालय परिवार प्रसन्न नजर आया और सभी लोगों ने बच्चे को बहुत सारी शुभकामनाएं। जिसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार चौरसिया ने दी उन्होंने कहा कि बच्चा बहुत होनहार है पढ़ने में बहुत मेहनती है और जिसके बल पर उसने इस मुकाम को हासिल किया है उन्होंने कहा शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे पूरे संसार को बदला जा सकता है इसकी एक मिसाल इस बच्चे ने पेश किया है और मैं उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं तथा समस्त विद्यालय परिवार उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। और इस अवसर पर विद्यालय में ओम प्रकाश साहनी संतोष साहनी, कृष्ण भान चौरसिया, इमरान खान, राम भवन चौहान, शहजाद, सरिता ,शबनम, ज्योति, अस्मिता, सोनी, गुड़िया, कविता, मनीषा, अनीता, वरुण ने बच्चे को बहुत सारी शुभकामनाएं दिया।



## थाना गोल्हौरा पुलिस ने छात्र–छात्राओं को किया जागरुक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

थाना,गोल्हौरा सिद्धार्थनगर। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राम अचल पटेल पब्लिक स्कूल गोल्हौरा में छात्र–छात्राओं को किया गया जागरुक। अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में हरीश चन्द्र





क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में बलजीत कुमार राव प्रभारी निरीक्षक थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 29.03.2023 को महिला बीट पुलिस अधिकारी महिला आरक्षी सुधा कुमारी व महिला आरक्षी प्रेमलता वर्मा द्वारा राम अचल पटेल पब्लिक स्कूल गोल्हौरा स्कूल में छात्र–छात्राओं को उनके सम्मान एवं स्वालंबन मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी योजनाओ, सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो के बारे जानकारी दी गयी और शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन न0 112,181,1076,1090, 1098,102,108,आदि के बारे मे भी बताया गया तथा 1930 साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।

# थानाध्यक्ष ने दिया आग से बचाव की जानकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। डिंडई शिवनगर थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने थानाक्षेत्र के पिपरा दोयम व परसौना गाँव में हमराहियों के साथ जाकर किसानों को अगलगी की घटना से पूर्व की तैयारियों व बचाव की जानकारी दिया। गेंहू की फसल खेतों में पककर कटने को तैयार है। प्रत्येक किसान शीघ्र कटाई कराने के जुगाड़ में लगे हैं!प्रत्येक वर्ष अप्रैल मांह का पहला पखवाड़ा अगलगी की घटनाओं को लेकर काफी संवेदनशील होता हैछोटी छोटी जरअंदाज करने वाली हरकतें भी बडीध घटनाओं का कारण बन जातीं हैं ऐसे में अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अगलगी के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता महसूस करते हुए थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने क्षेत्र के उपरोक्त गांवों में जाकर लोगों को जागरूक किया! किसानों को बताया गया कि आप लोग पानी की सुगम व्यवस्था के लिय पंपिंग सेट को खेत में ही रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उससे पानी निकाल कर आग पर काबू पाया जा सके उन्होंने खेतों के पास ड्रम में पानी भरकर रखने तथा फसल कटने के बाद बची हुई पराली में आग ना लगाने की बात कही किसानों को हेल्प लाइन नंबर 112, 101,फायर सर्विस हेल्पलाइन नंबर 9454418809, 9935426641 के बारे में जानकारी देते हुए नंबर नोट कराया गया। हल्का प्रभारी विश्व मोहन राय बीट कांस्टेबल ने भी मोबाइल नंबर आदान प्रदान करते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल संपर्क करें ।

# जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया चक्रवर्ती सम्राट अशोक का जन्मदिन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र । बुद्धवार को जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा जी के आह्वान पर प्रदेश ब्यापि कार्यक्रम के तहत जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओ ने रामलीला मैदान रावर्ट्सगंज सोनभद्र के प्रांगण में चक्रवर्ती देवानांप्रिय प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की 2327 वी जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर 'मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी मध्य प्रदेश के रीवा सम्भाग प्रभारी डॉ0 भागीरथी सिंह मौर्य' ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान भारत के ही नही अपने कार्यो व विचारों से पूरी दुनिया मे महानतम शासकों में एक है । उनकी महानता के दो कारण महत्वपूर्ण है एक तो उनके सम्राज्य में पूरी तरह से समता समानता पूर्ण शासन ब्यवस्था कायम किए वही दूसरा कारण दुनिया को अपना घर परिवार मानते हुए विश्वशांति व कल्याणकारी भगवान बुद्ध के विचारों को प्रसारित किए । आज सम्राट अशोक के विचारों को हम अपनाकर ही अपने देश व सारी दुनिया को शांति व विकाश के मार्ग पर ले जा सकते है जिससे पूरे विश्व का कल्याण होगा। विशिष्ट अतिथि जन अधिकार पार्टी के वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य' ने कहा कि मात्र जन अधिकार पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो पूरे उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में सम्राट अशोक महान की जयंती मनाकर उनके संदेशो को आमजन तक पहुचने का काम कर रही है जन अधिकार पार्टी इस देश मे पुनः सम्राट अशोक का शासन स्थापित करना चाहती है जिससे , ष् जिसकी जितनी संख्या भारी – उसकी उतनी हिस्सेदारी ष् उसे प्राप्त हो सके और यह तभी सम्भव है जब सम्राट अशोक की विचारों पर चलने वाली पार्टी सासन सत्ता में स्थापित होगी । यदि हम सम्राट अशोक के वंशज की हत्या करने वालो को सत्ता में भेज कर उम्मीद करे कि देश मे समता समानता भाईचारा बन्धुत्व स्थापित हो सबको सम्मान एव हिस्सा प्राप्त हो जाए तो यह सम्भव नही है यह तो तभी सम्भव है जब सम्राट अशोक के बताए रास्ते पर चलने वाले जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 बाबू सिंह कुशवाहा जी के हाथों में देश प्रदेश की बागडोर होगी जिसके लिए सम्राट अशोक के अनुवाईयो को आगे आना होगा । जयंती कार्यक्रम को अशोक कुमार खरवार श्रीपति विश्वकर्मा , मो0 अमीन रामअशीष प्रधान , बलिराम मौर्य प्रधान अनिल कनौजिया प्रधान , आजाद कुशवाहा प्रधान रामआसरे भारती प्रधान , किरन कुशवाहा , अनिल सिंह मौर्य ने भी सम्बोधित किया। बैठक में मंगल मौर्य ,अशोक कुमार खरवार , अरुण मौर्य , अनुरुद्ध मौर्य , आरती ,धर्मेंद्र मौर्य नागेंद्र , प्रदीप मौर्य , विनोद कुमार , मुलायम सिंह प्रशांत भारती , कन्हैया लाल , सुभाष संत कुमार,जय प्रकाश रामविलास अभिनव मौर्य सहित जन अधिकार पार्टी के अनेको पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य एव संचालन जिला महासचिव रविरंजन शाक्य ने किया।




# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## ओ0पी0डी0 में शिथिलता बरतने वाले डॉक्टर को स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मंगल वार कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य व सब सेन्टर पर हो रही डिलेवरी के प्रगति की समीक्षा की तो म्यारपुर सी0एच0सी0 क्षेत्र के अन्तर्गत सब सेन्टर पर डिलेवरी की संख्या कम पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने ए0सी0एम0ओ0 व सी0एच0सी0 अधीक्षक म्योरपुर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि डिलेवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सब सेन्टरों पर ही हो, जिससे कि प्रसव के दौरान महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें, इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व डी0पी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सब सेन्टरों पर मानक के अनुरूप ए0एन0एम0 की तैनाती सुनिश्चित की जाये, जिन सब सेन्टरों पर पानी, बिजली आदि से सम्बन्धित समस्या हो, उसका शीघ्र ही निराकरण कराया जाये, इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत बनाये जा रहे गोल्डेन कार्ड के प्रगति की समीक्षा की और कहा कि स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायत राज विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लायें। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की जॉच एवं नियमित टीकाकरण, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की, इस दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर, ओ0पी0डी0 के माध्यम से डॉक्टरों द्वारा मरीजों को देखे जाने के सम्बन्ध में भी जानकारी ली, तो यह तथ्य में संज्ञान में आया कि कई डॉक्टरों द्वारा एक माह में 1 हजार से भी कम मरीजों की ओ0पी0डी0 की गयी है, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पतालों में जिन डॉक्टरों द्वारा एक माह में 1 हजार से कम ओ0पी0डी0 की गयी है, उन सभी डॉक्टरों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।




# चूहा दौड़ और सौंदर्य प्रतियोगिता से दूर रहे महिलाएंःडॉ रचना तिवारी

## अधिवक्ता परिषद के बैनर तले महिला सशक्तिकरण पर आयोजित हुई संगोष्ठी ,प्रबुद्ध महिलाएं की गई सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अधिवक्ता परिषद सोनभद्र के बैनर तले कचहरी परिसर स्थित सोबाए सभागार में मंगलवार को देर शाम महिला सशक्तिकरण पर एक संगोष्ठी परिषद के इकाई अध्यक्ष शशांक शेखर कात्यायन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संचालन राजीव सिंह गौतम ने तथा मंचस्थ अतिथियों का स्वागत परिषद के महामंत्री नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता जनपद सोनभद्र की गौरव, हिंदी साहित्य की सशक्त हस्ताक्षर एवं देश प्रदेश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हिंदी गीतों के लिए सुर्खियां बटोरने वाली अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों की नामचीन कवयित्री गीतकार डॉ रचना तिवारी जहां प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं वही मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ महिला अधिवक्ता पूनम सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता परिषद के संरक्षक द्वय सूर्य प्रताप सिंह व अमरेश चंद्र पांडेय मंचासीन रहे। महिला सशक्तिकरण पर जनपद सोनभद्र की गौरव एवं सुप्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका डॉ रचना तिवारी ने कहा कि सही मायने में तभी महिला सशक्तिकरण सार्थक सिद्ध हो सकेगा जब महिलाओं के बारे में हमारी सोच उत्तम होगी। आगे कहा वही महिला सशक्त है जिस महिला के सर पर आंचल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि महिलाएं आदिकाल से ही सशक्त रही हैं बावजूद इसके आज के इस चकाचौंध में सशक्त रहने के लिए महिलाओं को अपनी इच्छाशक्ति के साथ उद्देश्य चुनना होगा। डॉ रचना तिवारी ने आगे यह भी कहा कि वर्तमान परिवेश में हमें चूहा दौड़ व सौंदर्य प्रतियोगिताओं में सम्मिलित नहीं होना चाहिए,उससे बचना चाहिए। इसे और परिभाषित करते हुए कहां अंधी दौड़ अंधे कुएं की ओर ले जाती है। मुख्य अतिथि पूनम सिंह एवं विशिष्ठ अतिथियों सूर्य प्रताप सिंह और अमरेश चंद्र पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि,भारतीय संदर्भ में महिलाओं की स्थिति का विश्लेषण करें तो उसे तीन काल खंडों में विभाजित किया जा सकता है । इसे और परिभाषित करते हुए कहा कि प्राचीन काल खंड में हमारे भारत देश में महिलाओं की स्थिति अत्यंत सुदृढ़ थी और उन्हें हर क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में भी अधिक अच्छी स्थिति प्राप्त थी, लेकिन मध्यकाल में बाहरी आक्रांतओ द्वारा किए गए हमलों से अपने घर की महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए उन्हें घर की देहरी तक सीमित कर दिया जिस कारण महिलाओं की स्थिति में थोड़ी गिरावट आई किंतु वर्तमान समय में पुनः महिलाओं की स्थिति अपने प्राचीन काल के रूप में विकसित होते हुए दिखाई दे रही है और बच्चियां हर क्षेत्रों में बच्चों की तुलना में कहीं अधिक सफलता अर्जित कर रही है। उन क्षेत्रों में भी बच्चियों ने अपनी भागीदारी और अपना कौशल दिखाना शुरू कर दिया है जहां उनके होने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी जैसे सेना और अंतरिक्ष की यात्रा। संगोष्ठी को अर्पिता मालवीय व स्वयं प्रभा ने भी संबोधित किया। विषय प्रर्वतन पवन मिश्रा ने किया इसके पूर्व मुख्य वक्ता समेत महिला अतिथियों का अंगवस्त्रम ओढ़ा कर परिषद की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला अधिवक्ता चंदा पांडेय, पूनम, कोमल सिंह, वर्तिका केशरी, व वरिष्ठ अधिवक्ता संजीत चौबे,कृष्ण प्रताप सिंह, सर्वेश मिश्रा, सुनील मालवीय, उमेश मिश्र ,मदन चौबे, जितेंद्र देव पांडेय,राघवेंद्र त्रिपाठी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना करमा का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा मंगलवार को थाना करमा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक करमा को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया, साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ितधशिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सूनने व उनके प्रार्थना–पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत–प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, मिशन शक्ति कक्षध्महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने, बैंकों व वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा के साथ ही एंटी रोमियों टीम को क्षेत्र में जाकर महिलाओंध्बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गये।



# दुष्कर्म के दोषी संजीत को 10 वर्ष की कैद

## साढ़े 10 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण व दुष्कर्म का मामला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। साढ़े 10 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी संजीत कुमार को 10 वर्ष की कैद व 87 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी को एक अगस्त 2012 को शाहगंज थाना क्षेत्र के सोहदौल गांव निवासी संजीत कुमार पुत्र रूद्रमणि चौबे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जब बेटी के बारे में संजीत से पूछताछ करता तो वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। आवश्यक कार्रवाई की मांग किया है। इस तहरीर पर पुलिस ने 24 अगस्त 2012 को एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी संजीत कुमार को 10 वर्ष की कैद व 87 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# जनपद के मन्दिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ एवं अखण्ड रामायण का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

■ रामनवमी के मद्देनजर मंदिर के आस-पास साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं की जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद वासियों को चौत्र नवरात्रि एवं रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने कहा कि अष्टमी महागौरी को समर्पित दिन है, इस खास मौके पर देवी आप की सभी मनोकामनाएं पूरी करें, उन्होने कहा है कि हिन्दू नववर्ष और चौत्र नवरात्रि पर्व समस्त जनपद वासियों का जीवन मंगलमय हो, उन्हें समृद्धि एवं सुख–शांति मिलें। समृद्धि और विकास से ही हमारे जिले का विकास निहित है, जिलाधिकारी ने कहा कि वैदिक पुराणों में चौत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है, इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है, चौत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होने बताया कि रामनवमी के अवसर पर जिले में स्थापित सभी देवी मन्दिरों पर अधिकतर श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन–पूजन किया जाता है, इसलिए रामनवमी को देखते हुए देवी मन्दिरों पर विशेष साफ–सफाई की व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अष्टमी तिथि को जिले के मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ, अखण्ड रामायण पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इस मौके पर जिले के प्रचलित विभिन्न मंदिरों में पूजारी व श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगाा रहा।

# ट्रेन से कटकर बृद्ध की मौत परिजनों में मचा कोहराम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत बग्घानाला के समीप ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गयी।घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।बुधवार की सुबह रेल नियंत्रण कक्ष चोपन ने चोपन थाने को सूचना दिया कि पोल नम्बर 138ध37–39 इंडियन ऑयल के सामने बग्घानाला के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है।सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कराने में जुट गई।वही सोशल मीडिया के जरिये मृतक के पुत्र ने उक्त शव की शिनाख्त अपने पिता के रूप में की।मृतक के पुत्र सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरे पिताजी इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता उम्र 65 वर्ष निवासी बिल्ली मारकुंडी थाना ओबरा बीते मंगलवार से घर से लापता थे।जिसकी गुमशुदगी ओबरा थाने में दर्ज है।मृतक के पुत्र ने बताया कि मेरे पिता ओबरा तापीय परियोजना में कार्यत थे जो कि लगभग पाँच साल पूर्व रिटायर हो गए थे।बताया कि ना जाने किन परिस्थितियों में वह रेलवे ट्रैक के नजदीक पहुंच गए और उनकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।वही मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# 24 मार्च के 30 मार्च तक चलने वाले रामकथा का 30 मार्च को होगा समापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

अलावल देवरिया,गोंडा। पंडरी कृपाल ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा तेंदुआ भगत में चल रहे सात दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान का पांचवें दिन कथावाचक द्वारा भक्तजनों को विभिन्न देवी–देवताओं के बारे में जानकारी दी। अयोध्या धाम से आए हुए कथावाचक महंत विपिन दास महाराज द्वारा कथा के माध्यम से रामकथा में भगवान के विवाह की कथा का वर्णन किया गया। जिसमें फुलवारी का दर्शन बाबा विश्वामित्र के तरफ से राम लक्ष्मण पर कृपा और धनुष भंजन कथा का के बारे में भक्तजनों को जानकारी दी और भक्तजनों के बीच एक उत्साह बढ़ाते हुए धर्म ध्वजा को धारण करने के लिए भक्तो को शिव शंकर के पुराना धनुष पिनाक परशुराम की धरोहर को देश देशांतर के राजाओं का मान और अभिमान को तोड़कर बाबा विश्वामित्र के मान को बढ़ाकर महाराज दशरथ के कीर्ति को बढ़ाया कथा का आनंद लेते हुए भक्तगण काफी खुश हुए।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# त्वचा के लिए फायदेमंद है अल्फा लिपोइक एसिड, जानिए इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



बुढ़ापा एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे कोई नहीं बच सकता है। हालांकि, आप त्वचा पर बढ़ती उम्र के प्रभाव को धीमा करने के लिए अल्फा लिपोइक एसिड का उपयोग कर सकते हैं। यह शक्तिशाली एंटी–एजिंग घटक त्वचा को टाइट कर सकता है और इसे युवा बनाए रख सकता है। यदि आपने इसके बारे में कभी नहीं सुना है तो आइए आज हम आपको अल्फा लिपोइक एसिड के फायदे, संभावित जोखिम और उपयोग का तरीका बताते हैं।

अल्फा लिपोइक एसिड क्या है?: अल्फा लिपोइक एसिड को लिपोइक एसिड और थियोक्टिक एसिड भी कहा जाता है। यह एक एंटी–ऑक्सीडेंट है। ऐसा माना जाता है कि इसमें कई लाभकारी गुण होते हैं। यह जानवरों के लिवर और किडनी के अलावा पालक, ब्रोकोली और आलू जैसी सब्जियों में पाया जाता है। इसके बहुमुखी उपयोग हैं और इसकी मात्रा दवाओं के साथ–साथ मौखिक स्वास्थ्य के उत्पादों और त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों में मौजूद होती है।

अल्फा लिपोइक एसिड के फायदेः अल्फा लिपोइक एसिड हानिकारक मुक्त कणों को बेअसर कर सकता है, जो त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। यह एंटी–एजिंग घटक के रूप में कार्य करके त्वचा से महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में मदद कर सकता है। अल्फा–लिपोइक एसिड त्वचा को साफ और चिकनी बना सकता है। यह त्वचा को सूरज की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से भी बचा सकता है। यह त्वचा में नमी बनाए रखने में भी सहायक है।

किस तरह की त्वचा के लिए सही है अल्फा लिपोइक एसिड?

अल्फा लिपोइक एसिड हर प्रकार की त्वचा पर उपयोग किया जा सकता है। अगर आप अपनी त्वचा की बनावट में सुधार और मुंहासों को दूर करने या समय से पहले उम्र बढने के संकेतों को रोकना चाहते हैं तो अल्फा लिपोइक एसिड आपके लिए लाभदायक है। इसके एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण आपकी त्वचा को आराम देते हैं और मुंहासों के लक्षणों को कम करते हैं।

अल्फा लिपोइक एसिड का उपयोग कैसे करें?

अगर आप अल्फा लिपोइक एसिड युक्त त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों का उपयोग पाउडर फॉर्मूले में करते हैं तो इसे लगाने से पहले इसे थोड़े से पानी या हल्के लोशन के साथ मिलाएं। आप अल्फा लिपोइक एसिड युक्त क्रीम, जेल या फिर सीरम आदि भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इनके उपयोग से पहले चेहरे को धो लें। अल्फा लिपोइक एसिड युक्त उत्पादों को पूरे चेहरे या झुर्रियों से प्रभावित क्षेत्रों पर दिन में दो बार लगाएं।

अल्फा लिपोइक एसिड के नुकसान

अल्फा लिपोइक एसिड सभी प्रकार की त्वचा पर इस्तेमाल करने के लिए सुरक्षित है, लेकिन कुछ मामलों में यह एलर्जी या जलन पैदा कर सकता है। रैश, जलन, खुजली, जलन, लालिमा और सूजन आदि अल्फा लिपोइक एसिड के कुछ सामान्य दुष्प्रभाव हैं। इसके कारण सलाह दी जाती है कि अल्फा लिपोइक युक्त उत्पादों का उपयोग करने से पहले हमेशा अपनी त्वचा पर उसका पैच टेस्ट जरूर करें।

## बिग बॉस फेम सौंदर्या शर्मा ने तोड़ी बोल्डनेस की हदें, फोटो में क्लीवेज फ्लॉन्ट कर बढ़ाई धड़कनें

रक्तांचल फेम एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, एक्ट्रेस



की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए हुए हैं। व्हाइट कलर के मल्टीकट गाउन में एक्ट्रेस सौन्दर्या शर्मा ने बेहद ही सिजलिंग पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा अपना जमकर क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं, उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और हाथों में गोल्डन आउटलेट के साथ एक्ट्रेस सौंदर्या गजब की बला लग रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरें देखकर बेताब हो रहे हैं। कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रहीं एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए हुए हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरों को हॉटनेस को बढ़ाने के लिए डिफरेंट अंदाज में कई स्टनिंग पोज देकर सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है। सौंदर्या शर्मा रियल लाइफ में बहुत ही बोल्ड और स्टाइलिश हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाती हैं। सौंदर्या शर्मा फेमस ओटीटी वेब सीरीज रक्तांचल में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा रंगमंच की दुनिया के साथ एक चिकित्सक भी हैं। वो पेशे से एक डेंटिस्ट भी हैं। हॉटनेस और दिलकश अदाओं के कारण लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा अपने फैंस के लिए अक्सर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

## कन्नड़ स्टार ध्रुव सरजा की पैन इंडिया फिल्म केडी–द डेविल में शिल्पा शेट्टी की एंट्री




कन्नड़ फिल्मों के स्टार ध्रुव सरजा पिछले काफी समय से फिल्म केडी–द डेविल को लेकर सुर्खियों में हैं। जब से उनकी इस फिल्म की घोषणा हुई है, यह लगातार चर्चा में है। अब जो खबर आ रही है, उससे इसे लेकर हिंदी भाषी दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। दरअसल, बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी भी इससे जुड़ गई हैं और फिल्म से उनकी पहली झलक भी सामने आ गई है।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर पैन इंडिया फिल्म केडी–द डेविल से शिल्पा का फर्स्ट लुक साझा करते हुए लिखा, गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर निर्माता–निर्देशक ने फिल्म में शिल्पा का स्वागत किया है। पोस्टर से जाहिर है कि अभिनेत्री के किरदार का नाम सत्यवती होगा। तरण ने बताया कि इस फिल्म में वी रविचंद्रन और संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं। खुद शिल्पा ने भी अपनी इस नई फिल्म का ऐलान कर दिया है।

केडी–द डेविल एक गैंगस्टर ड्रामा है। यह फिल्म 1970 के दशक की कहानी पर्दे पर दिखाने वाली है। इसका निर्देशन प्रेम कर रहे हैं। फिल्म को केवीएन प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनाया जा रहा है। खास बात यह है कि यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो यूं तो मूल रूप से कन्नड़ में बन रही है, लेकिन कन्नड़ के साथ–साथ इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा।

शिल्पा ने कन्नड़ सिनेमा में बहुत पहले कदम रख लिया था। प्रीथसोद थप्पा उनकी पहली कन्नड़ फिल्म थी, जो 1998 में आई थी। इसके बाद 2003 में शिल्पा कन्नड़ फिल्म ओंडागोना बा से जुड़ीं। 2005 में कन्नड़ भाषा की फिल्म ऑटो शंकर में भी शिल्पा ने अहम भूमिका निभाई। अब केडी – द डेविल शिल्पा की चौथी कन्नड़ फिल्म है। पिछली बार शिल्पा को हिंदी फिल्म निकम्मा में देखा गया था, लेकिन उनकी यह फिल्म यह बॉक्स ऑफिस पर असफल रही।

शिल्पा के खाते से सुखी नाम की एक फिल्म भी जुड़ी है। पिछले साल उन्होंने इससे अपनी पहली झलक प्रशंसकों के साथ साझा कर फिल्म का ऐलान किया था। अभिनेत्री ने लिखा था, थोड़ी बेधड़क सी हूं मैं, मेरी जिंदगी है खुली किताब, दुनिया बेशर्म कहती है तो क्या, किसी से कम नहीं है मेरे ख्वाब। भूषण कुमार फिल्म के निर्माता हैं। इसके अलावा शिल्पा निर्देशक रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन एयरफोर्स से ओटीटी पर कदम रख रही हैं। ध्रुव दिवंगत कन्नड़ सुपरस्टार चिरंजीवी सरजा के भाई हैं। उन्होंने 2012 में बतौर लीड हीरो फिल्म अधूरी से कन्नड़ सिनेमा में अपना करियर शुरू किया था और इसके लिए उन्होंने पुरस्कार भी जीता था। इसके बाद उन्होंने बहादुर जैसी कई सफल फिल्में की थीं।

## राम चरण के जन्मदिन पर उनकी 16वीं फिल्म का ऐलान, निर्माताओं ने जारी किया पोस्टर

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता राम चरण 27 मार्च को अपना 37वां जन्मदिन मनाए। यह जन्मदिन उनके प्रशंसकों के लिए बेहद खास है क्योंकि राम चरण की एक के बाद



एक फिल्मों को लेकर अहम जानकारियां सामने आए। एस शंकर द्वारा निर्देशित गेम चेंजर के बाद अब राम चरण की आगामी फिल्म आरसी 16 का पहला पोस्टर सामने आ चुका है। हालांकि, अभी निर्माताओं ने इसके शीर्षक का ऐलान नहीं किया है। इसका निर्देशन बुच्ची बाबू सना द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अपने ट्विटर पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा करते हुए लिखा, जन्मदिन मुबारक हो राम चरण। चमकते रहो और दूसरों को अपने काम और दयालुता से प्रेरित करते रहो। यह फिल्म वृद्धि सिनेमाज और सुकुमार राइटिंग के बैनर तले बड़े पैमाने पर बड़े बजट के साथ बनाई जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता इस फिल्म को कई भाषाओं में बनाने की योजना बना रहे हैं और यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी।

## सोलो ट्रिप पर जा रहे हैं तो इन जरूरी चीजों को बैग में रखना न भूलें

सोलो ट्रिप यानी एकल यात्रा, जो न सिर्फ आपको खुद से और प्रकृति से जोडने में मदद करती है, बल्कि आपको अधिक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर भी बनाती है। हालांकि, यह यात्रा तभी आसान और मजेदार बन सकती है, जब इसके लिए आपकी तैयारी पूरी हो। आइए आज आपको बताते हैं कि घूमने जाने से पहले ट्रेवलिंग बैग में किन चीजों को रखना बहुत जरूरी है, ताकि आपको कोई दिक्कत न हो। एक अच्छी गुणवत्ता वाला बैकपैकः अपनी सोलो ट्रिप के लिए बैकपैक खरीदते समय सुनिश्चित करें कि यह न तो बहुत बड़ा हो और न ही बहुत छोटा। इसके साथ ही यह हल्का और आरामदायक होना चाहिए। सॉफ्ट पट्टियों वाले एक कैरी–ऑन बैकपैक में निवेश करें, ताकि नाजुक वस्तुएं सुरक्षित रहें और इसे उठाते समय कंधे पर जोर न पड़े। बैग के अंदर अपनी चीजों को पानी के नुकसान से बचाने के लिए बैग पर रेन–प्रूफ कवर का इस्तेमाल करें। रियूजेबल पानी की बोतलः सोलो ट्रिप के दौरान एक रियूजेबल पानी की बोतल को ताजे पानी से भरकर अपने पास रखना न भूलें। यह आपको यात्रा के दौरान हाइड्रेट रखने में मदद करेगी। पानी खत्म होने पर आप रास्ते में बोतल को फिर से भर सकते हैं। इसके लिए एक लीकप्रूफ, फिल्टर्ड और हल्की पानी की बोतल खरीदें, जिसका आकार 0.75 लीटर होना चाहिए। इसके अलावा आप अपने पास एक इलेक्ट्रिक कॉफी मग भी रख सकते हैं। एक मेडिकल किटः जब आप अकेले यात्रा कर रहे हों तो आपात स्थिति के दौरान अपने प्राथमिक उपचार के लिए एक मेडिकल किट अपने पास रखना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आपको अस्पताल ले जाने वाला या मेडिकल स्टोर की तलाश करने वाला आपके साथ कोई नहीं होगा। अपनी मेडिकल किट में सर्दी और फ्लू की दवा, एंटीसेप्टिक क्रीम, पट्टियां, दर्द निवारक दवा, सैनिटाइजर, कैंची और दर्द निवारक स्प्रे जरूर रखें। जगह के हिसाब से चुनें कपड़ेः हर किसी के पास घर पर तमाम कपड़े होते हैं, लेकिन यात्रा पर कौन–से कपड़े ले जाने हैं, यह तय करना जरूरी है। जैसे अगर आप किसी बिजनेस टूर के लिए जा रहे हैं तो उस हिसाब से कपड़े रखें।






